


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 287

ग्वालियर, शनिवार, 11 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### अजय सुखदेवे ने बिटिया कल्याणी के जन्मदिवस पर वितरीत की बच्चों को शिक्षण सामग्री



सरकार एवं समाजसेवीयों द्वारा कन्याओं को प्रोत्साहन देकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बडाने के निरंतर प्रयास कर? रहीं है बच्चों को सायकिले, मध्याह्न भोजन, शिक्षा सामग्री सहित अन्य सुविधा मुहिया करवाकर स्कूल तक बच्चों को पहुंचा रहीं है और नगर के समाज सेवियों के द्वारा भी बच्चों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उनके भविष्य की उज्जवल कामना कर रहें है।? भाजपा के बालाघाट नगर मण्डल मीडिया प्रभारी अजय सुखदेवे ने अपनी पुत्री कल्याणी सुखदेवे के द्वितीय जन्मदिवस के अवसर पर वार्ड नं 24 सुरभी नगर में बच्चों को शिक्षा सामग्री प्रदान कर व केक काट कर बेटी का जन्मदिन मनाया गया। राम मिश्रा, आशीष वाशनिक, सानु राउत,मन्नू परते,बीजा बाई ने जन्मदिन की बधाई प्रेषित की बिटिया के जन्मदिवस पर अजय सुखदेवे ने कहा की आज हमारे समाज में कुछ ऐसे भी वर्ग है, जहां व अपनी गरीबी के चलते बच्चियों को शिक्षा प्रदान करने में असमर्थ होते है, ऐसे गरीब बच्चों को शासन की योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करके शिक्षा ग्रहण कराई जानी चाहिए। आज देश की उच्ची उड़ान तक देश की बेटियों ने अपना मुकाम हासिल किया हैं।?और मैं कामना करता हुं की हमारे नगर की बेटियां भी उचाईयों तक पहुंचे और जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन करें।

### सरपंच धापू देवी ओड के सानिध्य में शिविर आयोजित

**उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी तहसीलदार मौके पर रहे मौजूद**

**पुष्पांजलि टुडे। पाली**

**पाली।** निकटवर्ती सांपा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत फॉलो अप कैंप आयोजित किया गया। प्रशासन गांवों



के संग शिविर में शेष रहे आवेदन परिवाद जन समस्याओं का समाधान करने हेतु दूसरी बार प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी पाली उपखंड अधिकारी आईएएस देसल दान चारण के अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ किया गया । सरपंच धापू देवी ओड के सानिध्य में प्रशासन गांवों के संग शिविर ग्रामीणों के विभिन्न जनसमस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। फॉलोअप कैंप में पाली ब्लॉक के बोमाडडा भागेसर सांपा। ग्राम पंचायत के आमजन के जन समस्याओं का समाधान करने हेतु सांपा। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर में पट्टे लाभार्थियों को वितरित किए गए। शिविर में राजस्व विभाग के संबंधित बंटवारा शुद्धीकरण नामकरण आदि सहित विभिन्न जनसमस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। प्रशासन गांव के संग अभियान में आयोजित किया गया शिविर में उपखंड अधिकारी विकास अधिकारी तहसीलदार सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कार्मिक मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर। सरपंच धापू देवी ओड जोगाराम सरपंच ग्राम पंचायत बोमाडडा। हबीब खान सरपंच ग्राम पंचायत भागेसर। समाजसेवी धर्माराम ओड समाजसेवी सचिन ओड विभिन्न ग्राम पंचायत कार्मिक। सहित ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे

### शहर जिला कांग्रेस ने शहीद जनरल बिपिन रावत सहित सेना नायकों को दी श्रद्धांजलि

**उमाकान्त शर्मा**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** शहर जिला कांग्रेस भिंड द्वारा जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में सी डी एस जनरल बिपिन रावत एवं अन्य शहीद सेनानायकों



को श्रधांजली दी इस अवसर पर डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा की जनरल बिपिन रावत जी और अन्य सेनानी देश की सेवा कर रहे हैं उनकी वजह से हम चैन की सांस ले रहे हैं जनरल रावत जी का इस तरह शहीद हो जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है यह क्षति ऐसे समय पर हुई है जब हमारे पड़ोसी देश लगातार हमारी सीमाओं पर तनाव पैदा कर रही है शहीद जनरल रावत जी हर पड़ोसी देश को जवाब देने की बात करते थे।

## पत्नी मधुलिका को बेटियों ने दी मुखाग्नि, सेना ने दी 17 तोपों की सलामी

# अलविदा जनरल...बिपिन रावत

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका रावत समेत सभी जवानों का अंतिम संस्कार आज पूरे सैन्य सम्मान के साथ किया गया। सुबह से ही सीडीएस रावत को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। उनके आधिकारिक निवास कामराज मार्ग पर लगातार गणमान्य लोगों ने अंतिम दर्शन किए।





सीडीएस रावत को तीनों सेना प्रमुखों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उनके पार्थिव शरीर को गन कैरिएज पर रख कर उनकी अंतिम यात्रा बरार स्क्वायर पहुंची। बरार स्क्वायर पर उन्हें 17 तोपों की सलामी दी गई। जनरल रावत की दोनों बेटियों ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान रान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कई पूर्व सेना अध्यक्ष, फ्रांस, बांग्लादेश, भूटान के अलावा अन्य देशों के अधिकारी के साथ ही सेना के आठ सौ जवान मौजूद रहे। इससे पहले सुबह नौ बजे इसी हादसे में जान गंवाने वाले ब्रिगेडियर एलएस लिड्डर का अंतिम संस्कार भी यहीं पर किया गया। ब्रिगेडियर लिड्डर को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सुबह ही श्मशान भूमि पहुंचे थे।



### ब्रिगेडियर लड्डर को बेटी ने दी मुखाग्नि, हंसते हुए बीवी ने किया विदा

**नई दिल्ली।** देश अपने वीर सिपाहियों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दे रहा है। तमिलनाडु हेलिकॉप्टर हादसे से पूरा भारत सदमे में है। इस दर्दनाक हादसे का शिकार ब्रिगेडियर लड्डर भी हुए, जिनका आज दिल्ली कैंट के बरार स्क्वेयर श्मशान घाट में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। ब्रिगेडियर को श्रद्धांजलि देने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी पहुंचे थे। देश के वीर की जब विदाई हो रही थी तो वहां मौजूद हर इंसान का सीना उस वक्त कांप गया जिस वक्त ब्रिगेडियर लड्डर की बेटी आशना ने अपने पिता को मुखाग्नि दी और पत्नी गीतिका ने आंखों में आंसू और होठों पर मुस्कान लिए अपने पति को विदा किया। चारों ओर उदासी और आंसू के माहौल में एक वीर की पत्नी ने जब ये कहा कि %मैं एक सैनिक की पत्नी हूं। हमें उन्हें हंसते हुए एक अच्छी विदाई देनी चाहिए। हमने आज बहुत कुछ खो दिया है। ज़िंदगी बहुत लंबी है, अब अगर भगवान को ये ही मंजूर है तो हम इसके साथ ही जिएंगे। वो एक बहुत अच्छे पिता थे, बेटी उन्हें बहुत याद करेगी। ये एक बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है।% तो यकीन मानिए वहां मौजूद हर व्यक्ति का दिल दहल उठा और हर किसी ने यही बात खुद से कही कि शायद इसलिए देश के सिपाही इतने बहादुर होते हैं क्योंकि उनका परिवार भी उन्हीं की ही तरह काफी मजबूत होता है। यही नहीं बेटी आशना ने अपने पिता को विदाई देने के बाद बोला कि % मेरे पापा मेरे लिए सबकुछ थे, उनके जैसा ना तो कोई था और ना ही होगा, वो हमेशा खुश रहते थे और हमेशा यही कहते थे कि इंसान को हंसते हुए हर मुश्किल का सामना करना चाहिए। मैं 17 साल की होने वाली हूं। मेरे पापा मेरे साथ 17 साल तक रहे, हम उनकी अच्छी यादें अपने साथ लेकर चलेंगे।

## मप्र में कल से बढ सकता है ठंड का असर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कल से ठंड का असर बढने का अनुमान है। आज पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने की संभावना है। इसके बाद शनिवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने के आसार हैं। इससे राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड बढ़ेगी। मौसम



विज्ञानियों के मुताबिक, उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और वातावरण में कुछ नमी आने के कारण मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में मध्यम स्तर पर बादल छा रहे हैं। इस वजह से न्यूनतम तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं हो पा रही है। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार, वर्तमान में उत्तर भारत में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में बना हुआ है। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के मध्य भाग में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। जिसके चलते मध्य प्रदेश में ऊपरी स्तर पर हवाओं का रुख दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी हो जाता है। इसके प्रभाव से बंगाल की खाड़ी से नमी आ जाती है। इससे मध्यम स्तर पर बादल छाने के कारण न्यूनतम तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं हो पा रही है। शुक्ला के मुताबिक शुक्रवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद सर्द हवाओं के प्रभाव से शनिवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट होने लगेगी। बता दें कि इस बार नवंबर में भी मौसम के मिजाज के अनुरूप ठंड नहीं पड़ी है।


## 12 लाख के नकली नोटों के साथ 2 जालसाज गिरफ्तार


**भोपाल।** राजधानी की थाना क्राइम ब्रांच टीम ने बडी कार्यवाही करते हुए जाली नोट छापने वाले मास्टर माइंड सहित दो आरोपियो को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। शिकंजे मे आये आरोपियों से पुलिस ने 12 लाख 17 हजार पॉच सौ रूपये के जाली नोट बरामद किये है। इसके साथ ही नोट छापने वाली मशीन, फर्जी स्टाम्प शील व मोटर साईकल भी जप्त की गई है। पकडाया गया मास्टर माइंड पहले भी नकली नोट के मामले मे जेल की हवा खा चुका है। इसके साथ ही आरोपी रूद्र चैहान ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिये फर्जी स्टाम्प सील भी रखे हुए था। जालसाजो ने पॉच पॉच सौ के जाली नोट छोटे बाजारो ओर जुए की फडो में खपाने के लिए तैयार किये थे। अफसरो ने खुलासा करते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बाईक पर पिठ्ठू बैग लेकर श्यामंपुर से होते हुए भोपाल आ रहा है। उसके पास मौजूद बैग में नकली नोट है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने मुबारकपुर परवलिया के पास से सदिंग्ध युवक को मोटर साइकिल सहित घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुछताछ करने पर उसकी पहचान सतीश शंकवार पिता गनपतलाल शंकवार (26) निवासी कोली मोहल्ला श्यामपुर जिला सीहोर के रुप मे हुई। युवक के पास पिठ्ठू बैग रखा था।

## शॉर्ट पाली की बेटी का टूटती गृहस्थी को बचाया ब्यावर में टूटते रिश्तो को जोड़ने में सपनों को साकार किया: गजेंद्र सिंह मंडली

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**पाली।** टूटते रिश्तो को जोड़ने में सपनों को साकार करने के लिए समाजसेवी गजेंद्र सिंह मंडली ने अपने सफल प्रयास को साकार करते हुए पाली निवासी बेटी रेखा की टूटती गृहस्थी को बचाया। गजेंद्र सिंह मंडली रेखा के ससुराल ब्यावर में जाकर दिनभर ससुराल वालों से समझाइश करके रेखा व उसके पति विजय को साथ रहने के लिए राजी किया। गजेंद्र सिंह माटी के सफल प्रयास से रेखा और विजय का मुंह मीठा करवाकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया। इससे पूर्व रेखा और विजय के बीच तनाव के चलते मामला पुलिस तक पहुंचा । रेखा और विजय के एक छोटा बच्चा है। पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद लड़के को रेखा को सुपुर्द कर दिया गया । पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान भारतीय संविधान के अनुसार पुलिस ने दहेज का सामान वापस मंगवाने का नोटिस भी लड़के तक पहुंचा दिया था।। लेकिन रेखा और विजय के परिजन और रिश्तेदार गजेंद्र सिंह मंडली से मुलाकात करके मामला शांत करवाने की मशा जाहिर की। जिसमें गजेंद्र सिंह मंडली और दोनों पक्ष के रिश्तेदारों रिश्तेदारों की सूझबूझ से दहेज का सामान पाली रवाना करने से पहले ही लड़का और लड़की में राजीनामा करवा दिया गया । टूटते जिस तो मैं सपनों को साकार करते हुए रेखा और विजय की नन्ही मुन्नी संतान को मां और बाप दोनों का प्यार मिले। इसलिए गजेंद्र सिंह मंडली ने ब्यावर जाकर समझाने का प्रयास किया और एक ही प्रयास में सफलता हासिल की एक परिवार उजड़ने से बच गया एक गृहस्थी टूटने से बच गई और एक छोटे से बच्चे को मां और बाप दोनों के प्यार का हक दे दिया। इस मौके पर लड़की के पिता कालू राम चाचा भागीरथ मां नेमीचंद व ओमप्रकाश उपस्थित थे और लड़के की तरफ से उसके परिवार वाले व दोस्त उपस्थित थे। बेटी को विदा करते वक्त मां व पिता की आंखें भर आई और बेटी ने पिता के आंसू पहुंचकर हिम्मत प्रदान की बेटी को दामाद के साथ रवाना करते वक्त सुहागन का जोड़ा भेंट किया गया वह दामाद को सूट का कपड़ा देकर रवाना किया।

## वन-टू-वन

### ट्यूमर के नए टेस्टों के लिए कुछ दिन और अस्पताल में रहेंगे फुटबॉलर पेले

**साओ पाउलो।** फुटबॉल खेल में किवदंती बन चुके ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने कहा कि वह पेट के ट्यूमर के नए परीक्षणों के लिए अभी कुछ दिन तक साओ पाउलो में अस्पताल में रहेंगे। पेले के नाम से मशहूर 81 वर्षीय एडसन अरांटेस डु नासिमेंटो को इस सप्ताह ट्यूमर की कीमोथेरेपी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगस्त में परीक्षणों से उनके पेट में ट्यूमर का पता चला था। पेले इसे हटाने के लिए ऑपरेशन करने के कारण तब लगभग एक महीने तक अस्पताल में रहे थे। पेले ने इंस्टाग्राम पर कहा कि वे 'मेरे इलाज के हिस्से के रूप में छोटे कीमोथेरेपी सत्र कर रहे हैं। चिंता मत करो, मैं छुट्टियों के सत्र के लिए तैयार हो रहा हूं।% पेले की अगुवाई में ब्राजील ने 1958, 1962 और 1970 में विश्व कप जीता था। उन्होंने 92 मैचों में 77 गोल किये जो ब्राजील की तरफ से रिकार्ड है।

### पदक नहीं मिलने से दुखी शूटिंग खिलाड़ी खुशसीरत कौर ने खुद को गोली मार की खुदकुशी

**फरीदकोट।** पदक नहीं मिलने से दुखी एक शूटिंग खिलाड़ी ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। इस 19 वर्षीय शूटिंग खिलाड़ी को जब नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में मैडल नहीं मिला तो वह सदमे में आ गई। इसी सदमे के चलते उसने शूटिंग गन से ही खुद को गोली मार ली। इस कारण उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि खुशसीरत कौर पुत्री जसविंद्र सिंह वासी फरीदकोट कुछ समय पहले अफ्रीका के पड़ोसी देश इजिप्ट में हुए शूटिंग वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने गई थी। मगर इस दौरान वह कोई पदक हासिल नहीं कर सकी थी। सूत्रों के अनुसार हाल ही में उसने फिर पटियाला में हुई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया था। इन मुकाबलों में भी उसे मैडल नहीं मिला। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी। इसी परेशानी के चलते उसने कनपटी पर अपनी शूटिंग गन से गोली दाग ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना सिटी प्रमुख हरजिंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के बयानों पर अगली कार्रवाई की जाएगी। मृतका खिलाड़ी के प्रशिक्षक हरबंस सिंह ने बताया कि खुशसीरत ने गत नेशनल शूटिंग खेलों में 11 मैडल हासिल किए थे। इसके बाद ही उसका चयन इजिप्ट में होने वाली चैम्पियनशिप के लिए हुआ था। मैडल न मिलने से वह काफी निराश थी। कुछ दिन पहले पटियाला में हुई नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में भी कोई पदक नहीं मिलने के कारण उसका मनोबल टूट चुका था।

### क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी देने से रिजर्व बैंक को होगा घाटाः डी सुब्बाराव

**मुंबई।** भारत में जल्द ही चालू शीतकालीन सत्र में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बिल पेश किया जा सकता है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी देने से केंद्रीय बैंक को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने डिजिटल करेंसी पर बात करते हुए अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि भारत में क्रिप्टोकरेंसी को मंजूरी दिए जाने पर केंद्रीय बैंक धन आपूर्ति और मुद्रास्फीति प्रबंधन पर नियंत्रण खो सकता है, क्योंकि क्रिप्टो एल्गोरिदम की मदद से चलता है। हाल ही में सुब्बाराव ने एक वेबिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) जारी करने का मामला शायद मजबूत ना हो क्योंकि इसमें पूंजी नियंत्रण का पहलू शामिल है। वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई गवर्नर रहे सुब्बराव ने कहा कि सीबीडीसी को भी मजबूत डाटा संरक्षण कानूनों की जरूरत है। इस तरह के कानूनी ढांचे की कमी के चलते केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को सही तरह से मैनेज करने में मुश्किलें हो सकती थी। मुझे उम्मीद है आरबीआई द्वारा लागू की जाने वाली डिजिटल करेंसी को इस कानून से लाभ मिलेगा। हमें यह समझना है कि मजबूत डाटा सुरक्षा ढांचे की अनुपस्थिति इससे पहले भी देश में कई अन्य पहलुओं में चिंता का विषय रही है।

### वीवो भी अब इलेक्ट्रिल वीइकल्स सेगमेंट में करेगी एंट्री

**नई दिल्ली।** जानी-मानी चाइनीज कंपनी वीवो भी अब इलेक्ट्रिल वीइकल्स सेगमेंट में एंट्री की कोशिश में है और आने वाले समय में इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक लॉन्च कर सकती है।भारत समेत दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वीइकल का सेगमेंट काफी तेजी से बढ़ रहा है और इसमें आए दिन नई स्टार्टअप कंपनियों के साथ ही मौजूदा पॉपुलर कंपनियां एक से बढ़कर एक इलेक्ट्रिक कार, बाइक और स्कूटर लॉन्च कर रही है। अब वीवो ने इस सेगमेंट में ट्रेडमार्क के लिए अप्लाई किया है। वीवो ने क्लास 12 कैटिगरी में ट्रेडमार्क के लिए अप्लिकेशन डाला है, जिसमें इलेक्ट्रिक वीइकल्स, कार, मोटरसाइकल, ड्राइवरलेस कार, बाइसकल, मोपेड्स और रिमोट कंट्रोल वीइकल्स समेक अन्य प्रोडक्ट हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले समय में भारत में सड़कों पर वीवो के इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ ही इलेक्ट्रिक कार-बाइक समेत अन्य प्रोडक्ट पेश कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वीवो के अपकमिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक लेटेस्ट फीचर्स से लैस होंगे, जिनमें स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, कीलेस एंट्री, वॉयस कमांड समेत अन्य खूबियां होंगी। हालांकि, कंपनी की तरफ से आधिकारिक रूप से किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि पहले चीन में वीवो के इलेक्ट्रिक वीइकल्स आएंगे, फिर धीरे-धीरे इंडिया में भी इसका विस्तार होगा। फिलहाल तो यहां लोगों को शाओमी, एप्पल, रियलमी और वनप्लस के साथ ही वीवो समेत अन्य टेक कंपनियों के इलेक्ट्रिक वीइकल्स का इंतजार है। बता दें कि भारत में कई पॉपुलर टेक कंपनियां इलेक्ट्रिल वीइकल्स सेगमेंट में एंट्री करने की कोशिश में है।

# छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम और पंघाल का नाम राष्ट्रीय शिविर में नहीं

**नई दिल्ली।** छह बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल के नाम 11 दिसंबर से अलग-अलग स्थानों पर लगने वाले पुरुष और महिलाओं के 13 दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में हिस्सा लेने वाले मुक्केबाजों की सूची से नदारद हैं।इतना ही नहीं टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले पांच पुरुष मुक्केबाजों (मनीष कौशिक, आशीष चौधरी, विकास कृष्ण और सतीश कुमार) में से किसी का नाम भी 11 से 24 दिसंबर तक राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) में चलने वाले शिविर के लिए 52 खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं है।इसमें से विकास कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसकी सर्जरी हुई थी।महिलाओं का शिविर रोहतक के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में इन्हीं तारीख पर लगाया जाएगा।महासंघ के शीर्ष सूत्र ने कहा, ऐसा इसकारण है, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था।पहले से ही फैसला हो चुका था कि यह शिविर केवल राष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए और उनके लिए होगा जिन्हें राष्ट्रीय





प्रतियोगिता के अंत में हुए ट्रायल के बाद चुना गया था। उन्होंने कहा, यह बाद में होने वाले शिविर में लागू नहीं होगा और किसी को भी इसमें हिस्सा नहीं लेने के बारे में चिंतित नहीं होना चाहिए।जो इस समय इसमें नहीं होगा, उन्हें बाद में लगने वाले शिविर में मौका मिलेगा।इसबारे में मैरीकॉम ने कहा, मैं इस समय घर पर ही ट्रेनिंग कर रही हूं।मैं जनवरी के मध्य में अपनी टीम के साथ कड़ा अभ्यास करूंगी और विश्व चैम्पियनशिप के लिए तैयारी करूंगी।मणिपुर की 38 साल की पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता राज्यसभा सदस्य भी हैं। उनका लक्ष्य अगले साल विश्व चैम्पियनशिप और बर्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा लेने का है। इस्तांबुल में होने वाली महिला विश्व चैम्पियनशिप को कोविड-19 के कारण अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) द्वारा साल दिसंबर से अगले साल मार्च तक स्थगित कर दिया गया।इस टूर्नामेंट के अभी अगले साल मई तक खिसकने की उम्मीद है।राष्ट्रीय महिला शिविर में 49 मुक्केबाज हिस्सा लेंगी, जिसमें टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (70 किग्रा), पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन निकहत जरीन (52 किग्रा) और एशियाई चैम्पियन पूजा रानी (81 किग्रा) शामिल हैं।लवलीना ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था, लेकिन महासंघ ने फैसला किया था कि टोक्यो में पदक विजेता प्रदर्शन के कारण उन्हें शिविर में चुना जाएगा।

सूत्र ने कहा, यह सूची पिछली कार्यकारी समिति बैठक में हुए फैसलों के अनुसार ही चुनी गई है, जिसमें केवल लवलीना को ही छूट दी गई थी।इसमें अरुंधति चौधरी भी शामिल है।19 साल की युवा विश्व चैम्पियन ने लवलीना के विश्व चैम्पियनशिप के लिए स्वतः चयन के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अरुंधति के स्वर्ण पदक ने शिविर में स्थान सुनिश्चित किया और वह प्रभाव डालने की कोशिश करेंगी।पुरुषों के शिविर में पांच बार के एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) कविंदर बिष्ट (57 किग्रा) शामिल हैं। दोनों शिविर नए मुख्य कोचों द्वारा आयोजित होने हैं, नरेंद्र राणा पुरूष शिविर और भास्कर भट्ट महिलाओं के शिविर का मार्गदर्शन करने वाले है। पुरुषों के हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा अपने अनुबंध के लंबे विस्तार का इंतजार कर रहे हैं।

## पूरी कोशिश की गई कि मैं टीम इंडिया का कोच ना बन सकूं : रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया इस समय परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। विराट कोहली की जगह रोहित शर्मा को टी20 और वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है। उससे पहले रवि शास्त्री टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद टीम इंडिया से अलग हो गए थे। शास्त्री का मुख्य कोच के तौर पर पहला कार्यकाल 2017 में शुरू हुआ जिसके बाद 2019 में उन्हें फिर से नियुक्त किया गया। अब उनकी जगह राहुल द्रविड़ ने टीम इंडिया के मुख्य कोच की कमान संभाली है। शास्त्री और कोहली जोड़ी ने तीनों फार्मेट में धमाल मचाया लेकिन आईसीसी ट्रॉफी जीतने में नाकाम रहे। शास्त्री ने अपने बतौर कोच अपने कार्यकाल को याद करते हुए एक सनसनीखेज खुलासा किया है। शास्त्री कहना है कि कुछ लोग ने उन्हें भारतीय टीम का कोच नहीं बनना देना चाहते थे।



रवि शास्त्री ने एक मीडिया इंटरव्यू में कहा, अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान, मैं एक बड़े विवाद में उलझ गया था और यह सचमुच उन लोगों के चेहरे पर अंडा था, जो मुझे इस जिम्मेदारी से दूर करना चाहते थे। उन्होंने किसी को चुना और 9 महीने बाद, वे उसी आदमी के पास वापस आ गए जिसे उन्होंने बाहर फेंक दिया था। उन्होंने आगे कहा कि यह वही लोग थे जो नहीं चाहते थे कि भरत अरुण कोचिंग स्टाफ में आए। शास्त्री ने इसे लेकर कहा, हां वे मुझे भरत अरुण को गेंदबाजी कोच भी नहीं देना चाहते थे और आज जब मैं पीछे देखता हूं तो लगता कि कैसे चीजें बदलीं। वो गेंदबाजी कोच के रूप में जिस शख्स को नहीं चाहते थे। उनकी भूमिका इस रोल में शानदार रही। मैं लोगों पर कोई उंगली नहीं उठा रहा हूं। लेकिन कुछ खास लोग थे। मैं जरूर कहूंगा कि उन्होंने पूरी कोशिश कि मैं टीम इंडिया का हेड कोचना बनूं।

### कोरोना के कारण भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम सदस्य के कोरोना संक्रमित होने के कारण एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई, जबकि मलेशिया को भी कोरोना संक्रमण के कारण ही टूर्नामेंट हटना पड़ा था। गत चैम्पियन कोरिया और चीन के खिलाफ भारत के मैच रद्द करने पड़े।एशियाई हॉकी महासंघ के सूत्र ने बताया कि भारत अब टूर्नामेंट में नहीं खेल रहा है।भारतीय टीम पृथकवास में है और पॉजिटिव मिली खिलाड़ी के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।सूत्र ने कहा, पिछले बार की उपविजेता भारत टूर्नामेंट से बाहर है, क्योंकि टीम में कोरोना संक्रमण का एक मामला पाया गया। भारत टूर्नामेंट में आगे नहीं खेलेगा। इससे पहले भारत और मलेशिया के बीच सोमवार को दूसरा मैच भी कोरोना के कारण रद्द करना पड़ा था।

## रोहित शर्मा बोले- कोहली जैसे बल्लेबाज और नेतृत्व कौशल की भारतीय टीम को काफी जरूरत



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया में सीमित ओवरों की टीम के नव नियुक्त कप्तान रोहित शर्मा ने विराट कोहली का पक्ष लेते हुए कहा कि उनके दर्जे के बल्लेबाज और नेतृत्व कौशल की भारतीय टीम को काफी जरूरत है। टी20 टीम के कप्तान रोहित को विराट की जगह एक दिवसीय टीम की कप्तानी भी सौंपी गई है। उनका मानना है कि कप्तान का काम 20 प्रतिशत मैदान पर होता है और बाकी रणनीति में रहता है जिसमें वह चाहता है कि उसके खिलाड़ी आईसीसी के बड़े मुकाबलों की निर्णायक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बदतर के लिए भी तैयार रहें। उन्होंने यूट्यूब पर 'बैकस्टेज विद बोरिया कार्यक्रम में कहा, 'उसके जैसा बल्लेबाज टीम को हमेशा चाहिए। टी20 प्रारूप में 50 से अधिक का औसत अवास्तविक और जबर्दस्त है। वह कई बार भारत को संकट से बाहर निकाल चुका है। रोहित ने कहा, 'कप्तान का काम यह सुनिश्चित करना होता है कि सही खिलाड़ी खेल रहे हैं। सही संयोजन है और कुछ तकनीकी बातों को ध्यान में रखना होता है।

उनका मानना है कि कप्तान को अपने प्रदर्शन से ही बोलना चाहिए वरना दूसरे खिलाड़ियों का सहारा बनकर उनके पीछे रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'कप्तान को खेलते समय आगे रहना चाहिए, वरना सबसे पीछे होना चाहिए।% रोहित ने कहा, 'मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि वह पीछे रहकर बदलाव ला सकता है और यह सुनिश्चित कर सकता है कि वह सबके साथ है। इसलिए मैं कह रहा हूं कि उसे टीम का सबसे कम महत्वपूर्ण व्यक्ति होना चाहिए। रोहित ने कहा, 'मेरा काम ज्यादा बाहर होगा। खिलाड़ियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपना और उम्मीद करना कि वे मैदान पर उन पर खरे उतरे।

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच एचडीएफसी लि., एचडीएफसी बैंक,इंफोसिस और कोटक बैंक में गिरावट के साथ बाजार नीचे आ गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 20.46 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,786.67 अंक पर बंद हुआ।



इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 5.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत फिसलकर 17,511.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में टाइटन रही। इसके अलावा एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और टेक महिंद्रा भी नुकसान में रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस और बजाज फिनसर्व रहे हैं।बाजार जानकार ने कहा कि कोरोना के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर चिंता कम होने से घरेलू शेयर बाजारों में इस सप्ताह कुल मिलाकर तेजी दिखाई दी। इस सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने करीब 1.7 प्रतिशत का लाभ दिया। बीएसई मिड कैप और बीएसई स्मॉल कैप (मझोली और छोटी कंपनियों का सूचकांक) का प्रदर्शन बड़ी कंपनियों के सूचकांकों के मुकाबले बेहतर रहा। इनमें 2 से 3 प्रतिशत के बीच तेजी रही। ज्यादातर खंडवार सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहें।

## सरकार ने एयरलाइन कंपनियों से कहा- दो महीने तक छोटे एयरक्राफ्ट उड़ान नहीं भरवाएं

**नई दिल्ली।** देश के एयरपोर्ट पर बढ़ती भीड़ की वजह से सरकार एयरलाइन कंपनियों को विमान की उड़ानों का समय बदलने के लिए कह रही है। केंद्र सरकार ने एयरलाइन से यह भी कहा है कि वह छोटे एयरक्राफ्ट को दो महीने के लिए दिल्ली से उड़ान ना भरवाए। इनमें एटीआर और बॉम्बार्डियर जैसे एयर क्राफ्ट शामिल है। इस मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। सरकार के दिशा निर्देशों के बाद कई उड़ानों का समय बदल दिया गया है और कुछ की बदलने की कोशिश की जा रही है। एयरलाइन्स का कहना है कि वे अपने शेड्यूल में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं कर सकते। छोटे विमान बंद करने की वजह से कुल्लू और धर्मशाला जैसे छोटे शहरों के लिए उड़ान प्रभावित होने की आशंका है। भारत सरकार का नागरिक उड्डयन मंत्रालय चाहता है कि किसी एयरपोर्ट पर एक ही समय में बहुत से विमान ना उतरें और ना ही वहां से उड़ान भरें। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा ?कि इस बात का ध्यान रखते हुए उड़ानों के समय में बदलाव किया जाना चाहिए। इस कवायद का उद्देश्य भी है कि किसी खास समय पर एयरपोर्ट पर लोगों की बहुत अधिक भीड़ भाड़ ना हो। एक



सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार भविष्य में इस बात का ध्यान रखने जा रही है कि विमानों के आने और उड़ान भरने के अलग-अलग समय हों जिससे एयरपोर्ट पर भीड़ कम रहे।

भारत सरकार को उम्मीद है कि इस कवायद से एयरपोर्ट पर लोगों की भीड़ घटाने में मदद मिलेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि इस समय स्थिति पर नजर रखी जा रही है और इसकी वजह सोशल मीडिया पर एयरपोर्ट पर लोगों की बढ़ती भीड़ भाड़ से जुड़ी शिकायतें हैं। एयरलाइंस का कहना है कि विंटर शेड्यूल के बीच में फ्लाइट का समय बदलना तकरीबन नामुमकिन है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय देश में फ्लाइट के शेड्यूल को समर और विंटर के हिसाब से बांट देता है। विस्तारा के चीफ एग्जीक्यूटिव विनोद कन्नन ने कहा कि एयर पोर्ट पर विमानों का समय बदलने का मतलब है कि हमें उड़ानें कैंसिल करनी पड़ेगी। इसकी वजह यह है कि हमारे पास एयरक्राफ्ट ही उपलब्ध नहीं हैं।

## व्हाट्सएप फ्रेंड इन नीड स्कैम से लगाया जा रहा यूजर्स को चूना

### यूजर्स को आ रहे ऐसे खतरनाक मैसेज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में काफी समय से व्हाट्सऐप फ्रेंड इन नीड स्कैम के द्वारा लोगों को निशाना बना रहा है और लोगों से हजारों पाउंड की ठगी की गई है। अब साइबर क्रिमिनल पैसे के लिए बेटा या बेटी होने का नाटक भी कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा बताया जा रहा है कि स्कैमर्स ने कुछ ही माह में पीड़ितों से करीब 50 हजार पाउंड की चोरी की है। इस मैसेज में हैलो मोम या हैलो डैड जैसे शब्दों से शुरुआती होती है और उसके बाद अपनी खराब स्थिति के बारे में बताया जाता है, जिसमें तुरंत पैसे की जरूरत के लिए बेटे या बेटी के तौर पर नाटक होता है। व्हाट्सऐप फ्रेंड इन नीड स्कैम में अब बेटे और बेटियों के तौर पर निशाना बनाया जा रहा है। अब फ्रॉड्स ने पैसे मांगने के लिए परेशान बेटे या बेटी होने का दिखावा करना शुरू कर दिया है। अधिकतर स्थितियों में यह दिखाया जाता है कि बिलों की पेमेंट करने के लिए, खोए हुए फोन या कार खरीदते हुए पैसे की तुरंत जरूरत के बहाने का इस्तेमाल होता है। ऐसे में अधिकतर अनजान माता पिता जाल में फंस जाते हैं और पैसा दे बैठते हैं। साइबर क्रिमिनल ऐसे में हमेशा एक अलग नंबर से ही मैसेज भेजते हैं। यह कहा जाता है कि उनका अपना फोन खो गया है। खराब घटना के बारे में बताते हुए फ्रॉड के बैंक अकाउंट की डिटेल दी जाती है और पैसा भेजने के लिए कहा जाता है।




इस प्रकार के मुद्दों के जरिए फ्रॉड पीड़ितों से बहुत सारा ठग रहे हैं। एक घटना में पीड़ित ने साइबर क्रिमिनल को करीब रुपए 2,000 दिए थे। यह उन्होंने अपने बेटे के तौर पर उसका फोन खो जाने के बाद बिलों की पेमेंट करने के लिए दिए थे। पीड़िता ने 2 बार पेमेंट की और उसके बाद शक हुआ, लेकिन तब तक देर हो गई थी। वहीं एक अन्य स्थिति में फ्रॉड ने जरूरतमंद बेटे के तौर पर रुपए 3,000 निकाले। इस बार फ्रॉड ने यह बताया कि उसे बिलों के लिए पैसे चाहिए थे। इसमें पीड़ित ने दो अकाउंट में 4 ट्रांजेक्शन की थीं। अगर आपको किसी भी अंजान नंबर से कॉल आती है, जिसके बारे में आपको कोई भी जानकारी नहीं है, लेकिन आपसे दावा किया जाता है कि वह आपका कोई जानकार है जैसे कि बेटा, बेटी या अन्य कोई भी करीबी है। ऐसे में आपसे पैसे की जरूरत के चलते पैसे मांगे जाते हैं तो आपको पहले सावधान हो जाना चाहिए। फिर सोचना चाहिए और उसके बाद ही कोई कदम उठाना चाहिए, क्योंकि आपको अपने पैसे के बचाव के लिए यह करना जरूरी है। ऐसी स्थितियों में आरोपी आपको डराने की कोशिश करते हैं। बता दें ?कि व्हाट्सऐप अपने यूजर्स को इस नए स्कैम से सावधान कर रही है।

## सीईओ विशाल गर्ग की कंपनी के तीन बड़े अधिकारियों ने दिया इस्तीफा

**न्यूयॉर्क।** सीईओ विशाल गर्ग की कंपनी बैटर डाट काम कंपनी के तीन बड़े अधिकारियों ने पद छोड़ दिया है। कहा जा रहा है कि अभी और भी अधिकारी कंपनी को छोड़ सकते हैं। बताया जा रहा है ?कि जूम कॉल पर 900 कर्मचारियों को निकालने वाले सीईओ ?विशाल गर्ग से कंपनी नाराज है। इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को निकालने वाले गर्ग की जमकर आलोचना हो रही है। मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था, जिसके बाद खुद गर्ग को सामने आकर माफी मांगनी पड़ी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बैटर डाट काम के मार्केटिंग हेड मेलेनी हान, हेड ऑफ पब्लिक रिलेशन्स तान्या गिलोगली, वीपी ऑफ कम्युनिकेशन्स पैट्रिक लैनिहान ने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि तीनों ने अभी तक मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कहा जा रहा है कि इसके बाद कंपनी के और भी अधिकारी त्यागपत्र दे सकते हैं। मामले के जानकार एक शख्स ने बताया ?कि यह इस्तीफे की पहली लहर है और कंपनी अभी और की उम्मीद कर रही है। सॉफ्टबैंक समर्थित इस कंपनी ने वीडियो कॉल के जरिए अपने करीब 9 फीसदी कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद से ही सीईओ गर्ग लोगों के निशान पर आ गए थे। बाद में उन्होंने इसे अपनी गलती बताया था। गर्ग ने कहा था ?कि मुझे एहसास हुआ कि जिस तरह से मैंने यह समाचार जारी किया उसने मुश्किल हालात को और बुरा बना दिया। सीईओ ने कंपनी के प्रदर्शन का हवाला देकर अमेरिका और भारत में कर्मचारियों को निकाला था।

# देश को सुरक्षित बनाने में अविस्मरणीय भूमिका के लिए हमेशा याद रहेंगे जन. विपिन रावत : उपेंद्र राजौरिया

### शहीद स्मारक पहुंचकर शहीद हुए सैन्य अधिकारियों की आत्मा शांति के लिए दीपदान किया



भिण्ड। देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में अपनी भूमिका और देश को सुरक्षित बनाने में अपने अविस्मरणीय योगदान के लिए जनरल विपिन रावत हमेशा याद रहेंगे। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री उपेंद्र राजौरिया ने संयुक्त रूप ने बुधवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में सीडीएस जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी तथा स्टाफ के सदस्यों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कही। स्व. जनरल विपिन रावत को कुशल सेनानायक बताते हुए ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पहले सीडीएस के रूप में जनरल रावत ने तीनों सेनाओं को एक कमान के अधीन लाने तथा उनके बीच समन्वय के संबंध में भारतीय जनता पार्टी की सोच को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह किया। उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण समय में सेनाओं का नेतृत्व किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनरल बिपिन रावत जी ने अपने पिता लेफ्टिनेंट जनरल लक्ष्मण सिंह रावत के पदचिन्हों पर चलते हुए देश में विभिन्न सैन्य मोर्चों पर डटकर काम किया और अपनी बहादुरी से सभी को कायल किया, ऐसे असाधारण योद्धा को सलाम। जिला महामंत्री राजौरिया ने जनरल विपिन रावत समेत दुर्घटना में हताहत हुए सभी लोगों की आत्मिक शांति की कामना की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के युवा कार्यकर्ताओं ने भिंड शहर के सर्किट हाउस पर बने शहीद पार्क स्मारक पर पहुंचकर शहीदों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए दीपदान भी किया और ईश्वर से आत्म शांति की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में उपेन्द्र राजौरिया ,अनिल कुशवाह अतुल पाठक, विष्णु राजावत, गोपाल राजावत अमित चौधरी, रवि तोमर अमरदीप बाल्मीक मोनू नरवरिया प्रतीक पांडेय, परम सिंह भदौरिया, धर्मराज सिंह परिहार, सोनू यादव, सचिन यादव, दीपू तोमर, साजिद निजामी हर्ष राजावत आदि शामिल थे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की जयपुर में होने वाली रैली में भाग लेने को कार्यकर्ता बैठक संपन्न



### निजी वाहनों से 50 गाड़ियों से जाएंगे कार्यकर्ता

भिण्ड। 11 दिसंबर को भिण्ड से देर रात निजी 50 वाहनों से कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय से जयपुर रवाना होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने बताया महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस की अखिल भारतीय रैली जयपुर में तय की गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर इस संबंध में कार्यकर्ताओं से रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। बैठक में प्रमुख रूप से ईरशाद अहमद, रतन चन्द्र जैन, संजय भूता, अरविंद बघेल, अहिवरन बघेल, अनिल भारद्वज, चंद्रपाल सिंह परिहार, दर्शन तोमर, गोपाल मिश्रा आस्तिक, अजय शर्मा,कमलेश कौरव, भगीरथ सिंह कुशवाह, वीरप्रकाश श्रीवास्तव, राजवीर खन्ना, देवेंद्र धाकड़, धर्मेंद्र भादौरिया रानू,गोविंद शाक्य, पिंटू शर्मा, मोहर सिंह इंदौरिया सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# शा. महाविद्यालय मेहगांव बना विजेता




मेहगांव। मध्य प्रदेश शासन के खेल कैलेंडर अनुसार जिला स्तरीय बैडमिंटन (महिला /पुरुष )प्रतियोगिता का आयोजन 09 दिसम्बर 21 को आयोजन सचिव वैभव दैपुरिया द्वारा जीवाजी क्लब भिंड मैं आयोजित हुआ। जिसमें शासकीय महाविद्यालय मेहगांव की महिला टीम बनी विजेता पुरुष वर्ग मे महर्षि अरविंद महाविद्यालय गोहद विजेता उपविजेता शा. महाविद्यालय मेहगांव रहा। महिला वर्ग में शा. महाविद्यालय मेहगांव विजेता बनी विजेता छात्राएं अनुष्का शर्मा राजौरिया मनीषा राजौरिया, रिया सोनी,भारतीय ओझा,सोनम शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उपविजेता शा.कन्या महाविद्यालय भिंड रहा। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी चयन समिति सदस्य डॉ. हर्षद मिश्र डॉ प्रदीप सिंह, डॉ. अनुराग त्रिपाठी कोच गिरजा नरवरिया, वंदना श्रीवास्तव व सभी जिले के क्रीड़ा अधिकारी शामिल हुए।

# नेहरू युवा केन्द्र की भाषण प्रतियोगिता में रानू शर्मा ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया



मेहगांव। मेहगांव नेहरू युवा केन्द्र द्वारा शहर के जैन कॉलेज परिसर में देशभक्ति राष्ट्र निर्माण विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने भाषण देते हुए अपने विचार प्रगट किये इस अवसर पर मुख्यरूप से उद्यमिता विकाश केंद्र के जिला समन्यवक डॉ अश्वनी पुरोहित मौजूद रहे प्रतियोगिता के अंत मे जिला समन्वयक डॉ पुरोहित ने कहा कि हम नोकरी करके किसी अन्य व्यक्ति को व पीढ़ी को नोकरी नही दे सकते और यदि हम उद्योग स्थापित करे तो यह व्यवसाय हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता हैं यानि हम लोगो को ऐसा काम करना चाहिये जिससे हम लोगो को रोजगार प्रदान कर सके देश को विकाश के पथ पर आगे ये युवा पीढ़ी लेकर जा सकती हैं प्राचार्य अनिता जैन ने कहा आज की युवा पीढ़ी अपने आप मे शक्तिशाली बनने का प्रयास करे तो अपने पैरों पर खुद खड़ी हो सकती हैं भाषण प्रतियोगिया में मेहगांव व्लोक की रानू शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल करके ये सावित कर दिया है कि छात्र हो या छात्राएं आगे बढ़ने के लिए अपने हौसले बुंलद रखने चाहये रानू शर्मा जैसे बच्चों से आज की युवा पीढ़ी को सीखने की जरूरत है दूसरे स्थान पर गोहद व्लोक से भुसेबक शर्मा रहे जबकि तीसरा स्थान अटेर व्लोक से मोनिका वर्मा ने हासिल किया इस अवसर पर राजनारायण राजौरिया प्रो,डॉ राजेश भदौरिया डॉ अतुल श्रीवास्तव आसुतोष शर्मा उर्फ नन्दू आदि मौजूद रहे।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2021-22 जिला/ विकास खण्डवार आईटी टीम का गठन

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिला/ विकास खण्डवार आईटी टीम का गठन किया है। गठित टीम में जिला स्तर पर सामाजिक न्याय विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर बृजेन्द्र देशाई, जिला पंचायत भिण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर अजय कीर्ति, नगर पालिका भिण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर अनूप दुबे, अमित पचौरी एवं जिला शहरी अभिकरण के कम्प्यूटर ऑपरेटर राघवेन्द्र प्रजापति आईटी टीम में रहेंगे। विकास खण्ड रौन अन्तर्गत समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी रौन सौरभ सेन, तहसील कार्यालय रौन के कम्प्यूटर ऑपरेटर शशी शर्मा, बीआरसी कार्यालय रौन के एमआईएस कॉडीनेटर रघुराज सिंह तोमर, जनपद पंचायत रौन के कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनील सक्सैना, नगर परिषद रौन के कम्प्यूटर ऑपरेटर सुभम श्रीवास्तव, विकास खण्ड लहार अन्तर्गत समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी लहार अरूण अग्रवाल, सहायक ई-गवर्नेस प्रबंधक लहार श्रीमती ऋतु यादव, तहसील कार्यालय लहार के कम्प्यूटर ऑपरेटर सुन्दर शाक्य,अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लहार के कम्प्यूटर ऑपरेटर कुलदीप शाक्य, जनपद पंचायत लहार के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री विनय को आईटी टीम में रखा गया है। विकास खण्ड अटेर अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी अटेर आकाश तोमर, सहायक ई-गवर्नेस प्रबंधक शिवप्रकाश सिंह तोमर, बीआरसी कार्यालय अटेर के एमआईएस कॉडीनेटर धर्मसिंह भदौरिया, तहसील कार्यालय अटेर के कम्प्यूटर ऑपरेटर रिजवान खांन, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अटेर के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रीमती रजनी कुषवाह, जनपद पंचायत अटेर के कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष अग्रवाल, विकास खण्ड भिण्ड अन्तर्गत समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी भिण्ड श्री अंशुल जैन, बीआरसी कार्यालय भिण्ड के एमआईएस कॉडीनेटर गौरव पाठक, जनपद पंचायत भिण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर शिवम श्रीवास, श्रीमती रजनी, नगर पालिका भिण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर विवेक कुमार, विकास खण्ड गोहद अन्तर्गत समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी गोहद श्रीमती निधि भदौरिया, सहायक ई-गवर्नेस प्रबंधक गोहद संजय सिंह जार्ज, बीआरसी कार्यालय गोहद के एमआईएस कॉडीनेटर प्रीति श्रीवास्तव, जनपद पंचायत गोहद के ऑपरेटर नवीन बरैया, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी गोहद के कम्प्यूटर सुश्री सुमन बघेल एवं विकास खण्ड मेहगांव के अन्तर्गत सहायक ई-गवर्नेस प्रबंधक मेहगांव राकेश सिंह तोमर, नगर परिषद मेहगांव के कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत दीक्षित एवं नगर परिषद गोरमी के कम्प्यूटर ऑपरेटर सोनू जैन को विकास खण्ड स्तरीय आईटी टीम में रखा गया है।

# मेहगांव के युवाओं ने देश के शहीद जवानों को दी श्रध्दांजलि



मेहगांव। शहर के युवाओं ने 8 दिसंबर को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के 13 जवानों जिनमे देश की तीनों सेनाओं के प्रमुख अध्यक्ष जनरल विपिन रावत के साथ उनकी पत्नी एवं 13 अन्य जवानों ने जान गवाई थी। इस दुर्घटना में शहीद हुये जवानों को युवाओं ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी देशभक्ति को सलाम किया। इस दौरान युवाओं ने कहा कि विपिन रावत ने अपने 43 साल की देश सेवा में वर्दी के साथ ही जिये थे और वर्दी के साथ ही ऑन ड्यूटी शहीद हुये है। देश सभी शहीद जवानों की बहादुरी और उनके त्याग को सदैव याद रखेगा। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संघ, भाजयुमो, आदि संगठनों के आधा सैकड़ा युवा उपस्थित रहे।

# बरुआ बने श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के संभागीय अध्यक्ष

### समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का सदैव प्रयास करूँगा: बरुआ



भिण्ड। सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लेकर धरातल पर कार्य कर रहे श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र दुबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी मध्यप्रदेश श्याम सुंदर शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक इंजी. विजय शर्मा ने संघठन का विस्तार करते हुए, प्रदेश सह प्रभारी अरुण व्यास, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन शर्मा की सहमति और युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय के अनुमोदन पर भिण्ड वाटर वर्क्स निवासी युवा समाजसेवी राजीव बरुआ को संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री बरुआ को संघठन की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विस्वास के साथ वरिष्ठ नेतृत्व ने मुझे इतनी अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसका मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करूँगा और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित संघ के कार्यों को एक नया रूप देने का प्रयास करूँगा और संघठन विस्तार के लिए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोडूंगा, सदैव समाजहित में कार्य करता रहूँगा और बरिष्ठजन के सहयोग से समाज में व्याप्त कुरीतियों में से किसी एक बुराई को भी मिटा सका तो खुद को धन्य समझूँगा।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर पर पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ संगोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न



भिण्ड । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के मार्गदर्शन में ए0डी0आर0 भवन जिला न्यायालय परिसर भिण्ड में विष्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया द्वारा उक्त कार्यक्रम में विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानवाधिकार विषय पर विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम में उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर्स से समाज के शोषितवर्ग को उनके अधिकारों से अवगत कराने एवं उनके अधिकारों की संरक्षा हेतु कार्य किये जाने हेतु निर्देषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड देवेश शर्मा ने भी मानवाधिकारों के विषय पर अपने विचार रखे।

इसके साथ ही शासकीय एमजेएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिण्ड में भी विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर एवं कार्यषाला का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेश शर्मा द्वारा मानवाधिकार दिवस का इतिहास बताते हुए मेग्नाकार्टा एवं संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में समाविष्ट तथ्यों के साथ ही संविधान में उल्लेखित मूल अधिकारों एवं मूल कर्त्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाईयों की सहभागिता रही। इस अवसर पर विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.के. रायपुरिया, प्रो. प्रदीप सिंह भदौरिया एवं प्रो. आर.ए. शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## दबंग से किराया मांगा तो कर दी मारपीट

भिण्ड। जिले में गोरमी थाना क्षेत्र में बस कंडक्टर और यात्रियों के बीच किराया वसूलने को लेकर मारपीट हो गई। फरियादी कंडक्टर की शिकायत पर तीन यात्रियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक किशनपुरा निवासी पवन पुत्र महेश सिंह ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि बस में सवार यात्री अनिल सिंह, सोनू गुर्जर समेत दो से तीन युवक ने किराए वसूले जाने को लेकर मारपीट कर दी। जब इन यात्रियों से किराया देने को कहा तो उन्होंने किराया न देकर पिटाई लगा दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## युवा समाजसेवी एवं पत्रकार आदित्य द्विवेदी बने युवा संगठन के चंबल संभाग के मीडिया प्रभारी



भिण्ड। ब्रम्हलीन आचार्य प्रभाकर मिश्र, संगठन के अध्यक्ष डॉ सुरेश चंद्र कौशिक बागपथ उत्तरप्रदेश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राजीव शर्मा बरिस्ट संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर पण्डित युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र दुबे धौलपुर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और प्रदेश सयोजक दीपक चौधरी के निर्देशानुसार संभागीय ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम उपाध्याय द्वारा प्रदेश सचिव सौरभ बाहरे की अनुशंसा पर भिंड के युवा समाजसेवी एवं पत्रकार आदित्य द्विवेदी को ब्राम्हण अंतर्राष्ट्रीय युवा संगठन ट्रस्ट का संभागीय चंबल संभाग के मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।

## जांच से न भागें

देश में ओमिक्रॉन का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक पांच राज्य इस वैरिएंट की चपेट में आ चुके हैं। सरकारें अलर्ट हो गई हैं और सतर्कता बढ़ा रही हैं। वैज्ञानिक देश में तीसरी लहर आने की चेतावनी दे रहे हैं। मगर आमजन इस वैरिएंट को लेकर गंभीर नहीं हैं। इस वैरिएंट को फैलने से रोकने के लिए सबसे कारगर उपाय टेस्ट है, मगर जांच और इलाज से भागने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। हवाई अड्डों पर जहां-जहां कड़ाई बढ़ी है, वहां लोग सहयोग के बजाय परेशानी का इजहार करने लगे हैं। इसमें कोई शक नहीं कि विदेश से आने वाले लोगों की निगरानी बढ़ाकर ही हम ओमिक्रॉन के खतरे पर काबू पा सकते हैं। यह खबर बहुत ही चिंताजनक है कि कर्नाटक के बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीकी देशों से आए 10 विदेशी नागरिक लापता बताए जा रहे हैं। बेंगलुरु महानगरपालिका और वहां के स्वास्थ्य अधिकारियों का उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। दरअसल, बेंगलुरु में ही ओमिक्रॉन का भारत में पहला मामला मिला है। दक्षिण अफ्रीका से ही ओमिक्रॉन की भारत में घुसपैठ हुई है। ऐसे में, विदेशी नागरिकों का गायब होना किसी अपराध से कम नहीं है। जो लोग बीमारी छिपाकर या किसी प्रकार की जांच से बचकर भाग रहे हैं, वे इस समाज और देश के दुश्मन हैं। उन्हें अगर कड़ा दंड दिया जाए, तो गलत नहीं होगा। यही नहीं, जो लोग किसी भी प्रकार की जांच से मुंह चुराकर अपने घर-परिवार में लौट जा रहे हैं, वे अपने परिजनों के भी शुभचिंतक नहीं हैं। पुलिस भले ही संदिग्धों तक पहुंच जाए, लेकिन सच यही है कि दक्षिण अफ्रीका से आए विदेशी तो फोन भी नहीं उठा रहे थे। मतलब, उन्हें अपनी या अपने लोगों की जान की कोई चिंता नहीं थी। ध्यान रहे, दूसरी लहर के पहले भी बड़े पैमाने पर लोग जांच और इलाज से भाग रहे थे। शायद ही कोई ऐसा राज्य था, जहां लोग अपने और दूसरों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर थे। पिछले साल अप्रैल में लापरवाही समझ से परे हो गई थी। जांच से बचने के लिए 385 यात्री सिलचर हवाई अड्डे से भाग खड़े हुए थे। तब अधिकारियों ने कहा था कि उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी, लेकिन लोगों को कोई कार्रवाई नजर नहीं आई। भागने वालों के खिलाफ कश्मीर से लेकर केरल तक कोई आदर्श कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा सामने है, ओमिक्रॉन की वजह से जब जांच तेज हुई है, तो लोग फिर भागने-बचने में लग गए हैं। काश! लोग जांच से भागे नहीं होते, इलाज बीच में छोड़ नहीं जाते, तो बहुत संभव है, दूसरी लहर का कहर कुछ कम होता। आशंकाओं का बाजार गरम है, क्या ओमिक्रॉन की वजह से तीसरी लहर आने वाली है? क्या फिर लॉकडाउन लगने वाला है? क्या भव्य उत्सवों-आयोजनों पर फिर गाज गिरने वाली है? क्या यात्राओं पर फिर लगाम कसने वाली है? लोगों को पूरी सावधानी से जांच में सहयोगी बनना चाहिए। कोरोना दिशा-निर्देशों की पालना करना और इलाज कराना आज देश सेवा से कम नहीं है। मामले बढने् के बाद हम कड़ाई बरतेंगे, तो कोई फायदा नहीं। खतरा बढने् से पहले ही सरकार को अपने इंतजाम पूरे रखने चाहिए, ताकि विदेश से आने वाले लोगों की सही जांच हो, उन्हें क्वारंटीन किया जाए। यदि जांच या क्वारंटीन करना मुमकिन नहीं है, तो फिर विदेश से आने वाली उड़ानों को रोकने से बेहतर कोई उपाय नहीं है। कम से कम उन देशों से आने वाली उड़ानों को रोक देना चाहिए, जहां ओमिक्रॉन घुसपैठ कर चुका है। घुसपैठ तो हमारे यहां भी हो गई है, लेकिन क्या हम पूरी तरह से सचेत हैं? क्या हम अपना और अपनों का बचाव करने लगे हैं?

# यूँ पूरे देश को गमजदा कर क्यूँ चले गए जनरल रावत....!!!

**ऋतुपर्ण दवे**

अलविदा जनरल!!! किसी ने अपना भाई खोया, किसी ने भतीजा, किसी ने दोस्त तो किसी ने काबिल अफसर, देश ने प्रमुख रक्षा अध्यक्ष यानी चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सीडीएस) खोया तो मेरे शहडोल ने अपने दामाद और बेटी को खोया। जैसे ही टीवी पर खबरिया चैनलों ने चल रहे कार्यक्रमों को रोका यहाँ तक ब्रेक को खत्म कर ब्रेकिंग खबर दी कि सीडीएस बिपिन रावत उनकी पत्नी और शहडोल की बेटी मधुलिका को लेकर जा रहा देश में सबसे उन्नत हैलीकॉप्टर एमआई 17-वी-5 अपने मुकाम से बस 8-10 किमी पहले क्रैश हो गया है तो हर कोई सन्न रह गया। पूरा देश स्तब्ध हो टीवी, सोशल मीडिया, मोबाइल पर पल-पल का अपडेट लेकर दुआओं में लग गया। विधि का विधान देखिए शाम होते-होते वह मनहूस खबर आ गई जिसने आशंकाओं पर आखिर मुहर लगा दी।

उत्तराखण्ड के पौड़ी के द्वारीखाल ब्लॉक की ग्रामसभा बिरमोली के तोकग्राम सैणा के मूल रूप से रहने बिपिन रावत अपनी तीसरी पीढ़ी के फौजी योध्दा थे। योग्यता ने उन्हें देश का पहला सीडीएस बनाया। 16 मार्च 1958 को जन्में बिपिन रावत के पिता लक्ष्मण सिंह रावत भी लेफ्टिनेंट जनरल थे। उनके दादा भी ब्रिटिश आर्मी में सूबेदार रहे। पूरे घर में फौज का अनुशासन और वातावरण था। सैन्य परिवार से होने के कारण बचपन से ही उनकी इच्छा फौज में जाने की रही। जनरल रावत की औपचारिक शिक्षा देहरादून के कैम्ब्रियन हॉल स्कूल और सेंट एडवर्ड स्कूल शिमला में हुई। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में गए। 1978 में सेना की 11वीं गोरखा राइफल की 5वीं बटालियन से शुरू कैरियर सैना के सर्वोच्च पद सीडीएस तक पहुँचा।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से फिलॉसफी में पीएचडी। मेरठ कॉलेज के डिफेंस स्टडीज डिर्पाटमेंट से 2011 में रोल ऑफ मीडिया इन आर्म्ड फोर्सेस विषय में पीएचडी एक अनुशासित छात्र के रूप में की। ऊंचे पदों पर रहकर भी शिक्षा के प्रति जबरदस्त लगाव और पद का जरा भी गुरूर न होना आपकी पहचान थी। मेजर पद पर रहते हुए जनरल बिपिन रावत ने जम्मू-कश्मीर के उरी में एक कंपनी की कमान संभाली। बतौर कर्नल किबिथू में एलएसी के साथ अपनी बटालियन का नेतृत्व किया। ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत होकर सोपोर में राष्ट्रीय राइफल्स के 5 सेक्टर और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के एक मिशन में बहुराष्ट्रीय ब्रिगेड की कमान संभाली जहाँ उन्हें दो बार फोर्स कमांडर की प्रशस्ति से सम्मानित किया गया। जब बिपिन रावत ने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो में यूनाइटेड नेशंस के नार्थ किवु ब्रिगेड का कामकाज संभाला तब यूनाइटेड नेशंस पीसकीपिंग फोर्सेस में सब कुछ ठीक नहीं था। स्थानीयजन पीसकीपिंग को घृणा से देखते थे और उनकी गाड़ियों पर पथराव किया करते थे। जनरल रावत ने इन सबको भांपा और नए सिरे से काम शुरू किया। बढ़ते संघर्ष को देख टोंगा, कन्याबायोंगा, रुत्शुरु और बुनागाना जैसे फ्लैशप्वाइंट में विद्रोहियों को कुचलने और शांति लागू करने के लिए मशीनगनों और तोपों से लैस पैदल सेना के लड़ाकू वाहनों की तैनाती का आदेश दिया। उन्होंने आम लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाने हेलीकॉप्टर्स का इस्तेमाल किया। स्थानीयों के लिए ही बाद में वही आशा के किरण बने जिनने सैनिकों के लिए ताली बजाई, खुशियाँ मनाई क्योंकि भारतीय हेलीकॉप्टरों ने ही विद्रोही ठिकानों पर रॉकेट दागे जिसके कारण कॉन्गो की सेना उन्हें पीछे धकेल सकी थी। इस तरह जनरल रावत ही थे जिन्होंने स्थानीय लोगों में विश्वास जगा लिया।



उरी में 19वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में जब जनरल रावत ने पदभार संभाला जब उन्हें मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया। एक लेफ्टिनेंट जनरल के रूप में, उन्होंने पुणे में दक्षिणी सेना को संभालने से पहले दीमापुर में मुख्यालय वाली तीसरी कोर की कमान संभाली। सेना कमांडर ग्रेड में पदोन्नत होने के बाद उन्होंने दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ का पद ग्रहण किया। थोड़े समय बाद वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ पद पर पदोन्नत हुए। 17 दिसंबर 2016 को भारत सरकार द्वारा 27 वें सेनाध्यक्ष बने।

जनरल बिपिन रावत 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक हेतु बनी योजना में भी शामिल थे जिसमें भारतीय सेना नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तक चली गई थी और इसकी निगरानी साउथ ब्लॉक से कर रहे थे। सेवा के दौरान, जनरल रावत को परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक और सेना पदक से अलंकृत किया गया। देश के पहले सीडीएस के रूप में नियुक्त जनरल बिपिन रावत ने 1 जनवरी 2020 को सीडीएस का पदभार ग्रहण किया और दो ही वर्षों में सर्वोच्च पद पर रहते हुए यह कभी न थकने वाला योध्दा अपने मिशन के दौरान ही काल कलवित हो गया।

कोई ऐसे भी भला जाता है? एक शेर दिल इंसान देश की तीनों सेनाओं के शीर्षस्थ पद पर पहुँच इतनी जल्दी अनंत में विलीन हो जाएगा, शायद किसी ने भी नहीं सोचा था। हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ते हुए धुंध में चला गया और क्रैश हो गया। सवाल तो कई हैं जिनके जवाब देर-सबरे मिलेंगे। शहडोल की बेटी मधुलिका का विवाह 14 अप्रैल 1986 को दिल्ली के 25 अशोका रोड में होटल कनिष्का में बड़ी धूमधाम से हुआ। बहुत ही नाजों से पली शहडोल की इस इकलौती बेटी ने कड़े फौजी अनुशासन में पतिधर्म निभाते हुए जनरल साहब का बखूबी आखिरी पल तक साथ दिया और दोनों ही अपनी दो बेटियों सहित भरा-पूरा परिवार, समाज और चाहने वालों को रोता, बिलखता छोड़ अनंत में विलीन हो गए। मधुलिका राजघराने से हैं। उनके पिता रीवा रियासत के इलाकेदार और विधायक रहे हैं। उनके दादा भी विधायक रह चुके हैं। उनके चाचा गंभीर सिंह भी विधायक रहे हैं। मधुलिका के भाई हर्षवर्धन सिंह और जयवर्धन सिंह भी शहडोल जिले में समाजसेवा में विशिष्ट स्थान रखते हैं। उनकी वयोवृध्द माता जी ज्योति प्रभा काफी सदमें हैं। शहडोल से तमाम यादें जनरल बिपिन रावत की जुड़ी हैं। आखिरी बार 2012 में आए और अब एक महीने बाद जनवरी 2022 शहडोल एक बार फिर पलक पाँवड़े अपने दामाद और बेटी के स्वागत को आतुर था कि अचानक हेलीकॉप्टर का 10 किलोमीटर का बचा सफर जो उंगलियों पर गिने जाने लायक मिनटों का ही था, पूरा नहीं कर सका और क्रैश हो गया। देश का जाँबाज योध्दा, पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष यानी चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) बिपिन रावत अपनी पत्नी व 11 अन्य स्टाफ के साथ काल के क्रूर गाल में समा गए।

देश के साथ शहडोल की इस अपूर्णनीय क्षति में यह पहली बार दिखा जब किसी राजनेता नहीं बल्कि फौजी की मौत पर सारा देश इस तरह गमजदा हो। सैल्यूट जनरल, सैल्यूट बहन मधुलिका और सैल्यूट सभी 11 जाँबाज जिन्होंने अपने मिशन को पूरा करते हुए देश की खातिर जान को कुर्बान कर दिया।

## मन की तेज गति

नौका नदी के उस पार जा रही थी। अनेक व्यक्ति उस पर सवार थे। भार अधिक हो गया। नौका डगमगाने लगी। नाविक ने कहा - नौका डूब जाएगी। यदि सबको बचना है तो स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपना सारा सामान नदी में बहा दो, अन्यथा सामान के साथ-साथ प्राण भी जाएंगे। सबने अपने जीवन की सुरक्षा को महत्व देते हुए सामान नदी में डाल दिया। एक बनिये के पास तीन खाली डिब्बे और एक रूपयों से भरा डिब्बा था। उसने खाली डिब्बे पानी में डाल दिए। नाविक ने कहा - इस वजनी डिब्बे को डाल दो। बनिये ने रूपयों को ?से व्यर्थ बहाना उचित नहीं समझा। वह डिब्बे को साथ ले नदी में कूद पड़ा। नौका हल्की हो गई। पर वह बनिया उस डिब्बे के भार से दबकर डूब गया। यदि वह खाली डिब्बे के साथ कूदता तो संभव है बच जाता, पर भरे हुए डिब्बे ने उसे डुबो दिया। कहने का अर्थ यह है कि लोगों का भरे हुए पर अधिक विश्वास है, खाली पर नहीं। काम में लगे रहते हैं तो समझते हैं भरे हुए हैं, समय का उपयोग हो रहा है। जब खाली होते हैं तब समझते हैं, आज तो समय व्यर्थ खो रहे हैं। लोग खाली रहना नहीं जानते और खाली रहने के समय का उपयोग करना भी नहीं जानते। आदमी खाली कहां रह पाता है? जब उसके पास कोई काम नहीं होता, तब भी वह खाली नहीं है। उसके मन का चक्का इतनी तीव्र गति से घूमता है कि दुनिया की सारी स्मृतियां उस समय उभर आती हैं। मस्तिष्क विचारों से, संकल्प-विकल्पों से भर जाता है। कहां है खाली वह आदमी? उसका दिमाग भरा ही रहता है।

# कोरोना : फिर आया जीवन संघर्ष का दौर

**सुरेश हिंदुस्थानी**

वर्तमान में कोरोना की तीसरी लहर ने अपने कदम बढ़ाने प्रारंभ कर दिए हैं। कहा जा रहा है कि अभी इसकी आहट ही सुनाई दे रही है, लेकिन जिस प्रकार से आम आदमी जीवन के प्रति लापरवाह हुआ है, उससे यही आशंका उत्पन्न होने लगी है कि ओमिक्रोन के रूप में दस्तक देने वाला यह वायरस निश्चित ही अपना प्रभाव दिखाएगा। इसके पीछे बड़ा कारण यही माना जा रहा है कि भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा अपने आपको नियम और कानून पालन करने की मानसिकता नहीं बना पाया है। इसके कारण जहां व्यक्तिगत स्तर पर तो कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वहीं यह लापरवाही समाज के लिए भी अत्यंत घातक होती है। कोरोना संक्रमण की पिछली दो लहरों ने समाज को बहुत बड़ा सबक दिया, लेकिन इस सबक का प्रभाव भी धीरे-धीरे विस्मृत होता चला गया और समाज ने इस प्रकार से जीना प्रारंभ कर दिया, जैसे कोरोना आया ही नहीं था। पहले और दूसरे संक्रमण के दौरान लगाए गए लॉकडाउन की अवधि के दौरान जनमानस अच्छे बुरे की पहचान कर चुका है, लेकिन ऐसा लगता है हम जानते हुए अनजान बन जाते हैं। इसी कारण यह भी परिलक्षित हो रहा है कि हम जीवन के प्रति सचेत नहीं हैं।

वर्तमान में तीसरी लहर की आगोश में विश्व के कई देश आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे अपने आपको अत्यंत समृद्ध मानने वाले जैसे देशों की स्थिति विकरालता की ओर बढ़ती जा रही है। कई देश पहली और दूसरी लहर के संत्राश से बाहर निकल भी नहीं पाए थे, कि अचानक तीसरी लहर ने भी दस्तक दे दी है। भारत के लिए सुख की खबर यह मानी जा सकती है कि भारत की वैक्सीन पहले भी सकारात्मक परिणाम देने में सार्थक प्रमाणित हुई है और अब तीसरी लहर की भयावह आशंका के चलते भी यह दावे के साथ कहा जाने लगा है कि भारत की वैक्सीन ओमिक्रोन को भी परास्त करने में सफल ही होगी। लेकिन इसके बाद भी हमें किसी भी प्रकार से आश्वस्ति रखने की आवश्यकता नहीं है। आश्वस्ति का भाव निश्चित ही मनोबल बढ़ाने का कार्य करती है, परंतु इस मनोबल को बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अफवाह से मुक्त रखना हम सभी प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए।



हम जानते हैं कि पहले देश के कुछ हिस्सों में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए धारा 144 और कर्फ्यू लगाने की आवश्यकता हुई है। यह सब जनता को बड़े खतरे की चपेट में आने से रोकने के लिए किया गया। जो बहुत हद तक सफल भी रहा, लेकिन दूसरी लहर में फैली अफवाहों ने जनता के हौसले को तोड़ने का काम किया। विसंगति तो यह थी कि जिस विभाग को इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था, उसके ही कुछ स्वार्थी मानसिकता से ग्रस्त व्यक्तियों ने अपना लाभ देखने का भरपूर प्रयास किया। इस बार शासन, प्रशासन और आम जनता को भी सक्रिय भूमिका का प्रदर्शन करते हुए भ्रम फैलने से पहले ही जागरण का कार्य करना चाहिए, नहीं तो ऐसा न हो कि फिर से दूसरी लहर के दौरान बनने वाले हालात पैदा हो जाएं। चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया को अपने आगोश में ले लिया है। दुनिया के देश इसके खतरों के प्रति पूरी तरह से अनजान होने के कारण पहले तो हल्के में लिया, लेकिन जैसे ही कोरोना का विकराल रूप सामने आया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अमेरिका जैसे विकसित और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने वाले इटली जैसे देश में भी इस वायरस ने तबाही जैसे हालात बना दिए थे। अब नया वायरस दक्षिण अफ्रीका से सामने आया है। कहा जा रहा है कि यह वायरस वैश्विक रूप से अपना प्रभाव दिखाएगा। इसलिए दुनिया के कई देशों ने इसके प्रभाव को रोकने के लिए व्यापक नीति बनाना प्रारंभ कर दिया है। भारत में भी ओमिक्रोन संक्रमित व्यक्ति मिल रहे हैं। इसके निहितार्थ यही हैं कि भारत में भी इसका दुष्प्रभाव देखने को मिलेगा। इसे रोकने के लिए शासन स्तर पर तो नीति बनाई जा रही होगी, लेकिन सामाजिक स्तर भी अभी से ठोस पहल करने की आवश्यकता है। यह हमारे देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिस समस्या से पूरे देश के प्रभावित होने की आशंका हो।

# क्या वायु प्रदूषण की 'स्थाई चादर' लपेट चुका है 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' दिल्ली

### सूडोकु नवताल- 5918

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5917 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

**निर्मल रानी**

अन्य विकासशील देशों की ही तरह भारत भी निरंतर वायु प्रदूषण की चपेट में रहने वाले देशों की सूची में अपना नाम शामिल करा चुका है। ख़ास तौर पर दिल्ली व उसके आस पास का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तो लगभग पूरा वर्ष और चौबीस घंटे घोर प्रदूषण की चपेट में रहने लगा है। दिल्ली में हवाई जहाज़ से बाहर निकलते ही ऐसा महसूस होने लगता है कि आप किसी ज़हरीली गैस चैम्बर में प्रवेश कर चुके हैं। गत तीन दशकों से हालांकि एन सी आर में फैले इस प्रदूषण के लिये आँख मूँद कर हरियाणा -पंजाब के किसानों को ज़िम्मेदार ठहरा दिया जाता था। बताया जाता था कि फ़सल काटने के बाद खेतों में बची पराली को जलाने से फैलने वाला धुआंयुक्त प्रदूषण दिल्ली परिक्षेत्र को अपनी आग़ोश में लेता है। केंद्र सरकार ने भी पूर्व में यही दावा था कि वायु प्रदूषण बढ़ाने में पराली का योगदान 25-30त्न है। परन्तु पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय में इसी संबंध में चल रही एक सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार का ताज़ा दावा था कि प्रदूषण फैलाने में पराली का योगदान मात्र 10 प्रतिशत है। परन्तु साथ ही अपने लिखित हलफ़नामे में केंद्र ने यह दावा भी किया कि प्रदूषण में पराली का योगदान मात्र 4त्न ही है। देश की सर्वोच्च अदालत केंद्र के शपथ पत्र के अनुसार यह भी कह चुकी है कि 75 प्रतिशत वायु प्रदूषण उद्योग, धूल तथा परिवहन जैसे तीन मुख्य कारण के चलते है। जहां तक किसानों को प्रदूषण के लिये ज़िम्मेदार ठहराने का प्रश्न है तो इसे यूँ भी समझा जा सकता है कि किसान अपनी फ़सल का बचा हुआ कचरा अर्थात



पराली आदि तो वर्ष में एक ही दो बार जलाते हैं जबकि दिल्ली का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तो लगभग पूरे वर्ष ही चौबीसों घंटे प्रदूषण की गिरफ़्त में रहता है ? दिल्ली, फ़रीदाबाद, गुड़गांव, नोएडा, गाज़ियाबाद, सोनीपत आदि राजधानी के किसी भी निकटवर्ती क्षेत्र में चले जाइये, हर जगह वही गैस चैंबर जैसे हालात नज़र आते हैं। जहां आम लोग अपने मकानों के दरवाज़े व खिड़कियां इसलिये खोलते हैं ताकि ताज़ी व स्वच्छ हवा का घरों में प्रवेश हो सके वहीं एन सी आर की स्थिति ठीक इसके विपरीत हो चुकी है। घरों के दरवाज़े व खिड़कियां खुलते ही ज़हरीली,रसायन युक्त प्रदूषित हवा इन घरों में प्रवेश कर जाती है। गगनचुंबी रिहाइशी फ़्लैट्स की किसी भी मंज़िल पर खिड़की-दरवाज़ा खुलते ही धुंआ युक्त गैस फ़्लैट्स के भीतर प्रवेश करती है। गोया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का रहने वाला कोई भी व्यक्ति ताज़ी व प्रदूषण मुक्त हवा का भी मोहताज बनकर रह गया है। इन इलाक़ों में लाखों वाहन चौबीस घंटे सड़कों पर दौड़ते हैं। हज़ारों छोटे बड़े उद्योग अपनी चिमनियों से धुआं उगलते हैं। एन सी आर क्षेत्र में बसने वाले लाखों कबाड़ी रोज़ाना सारा दिन और प्रायः रात भर लोहे-तांबे-पीतल की तार आदि निकालने हेतु टायरों तथा बिजली व फ़ोन के तारों आदि में आग लगाते रहते हैं। सुनाई तो यह भी देता है कि पुलिस व प्रशासन की मिली भगत से कई जगह प्रदूषण फैलाने की खुली छूट दी जाती है। स्वछ भारत अभियान के अंतर्गत घरों से कूड़ा संग्रह करने की योजना के बावजूद अभी भी अनेक लोग यहाँ तक कि प्रायः स्वयं सफ़ाई कर्मी भी कूड़े की ढेरियां बनाकर उसे आग के हवाले कर देते हैं। एन सी आर क्षेत्र में पड़ने वाले ईंटों के भट्टे भी यहां का प्रदूषण बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

प्रतिदिन दिल्ली व हिण्डन एयरबेस से चढ़ने व उतरने वाले हज़ारों विमानों द्वारा दिन रात छोड़े जाने वाले ज़हरीले गैसयुक्त प्रदूषण की कोई चर्चा नहीं होती। अति विशिष्ट तथा विशिष्ट व्यक्तियों के क़ाफ़िले में आगे पीछे दौड़ने वाले वाहनों के प्रदूषण फैलाने का ज़िक्र कहीं नहीं सुनाई देता। चार्टर्ड विमानों से प्रदूषण नहीं बल्कि शायद सुगन्धित स्वच्छ ऑक्सीजन का स्प्रे होता होगा तभी इसके प्रदूषण की चर्चा कभी नहीं सुनी गयी। प्रतिदिन लाखों नये वाहन सड़कों पर निकलकर प्रदूषण नहीं फैलाते बल्कि किसानों के दस वर्ष पुराने गिनती के ट्रैक्टर प्रदूषण फैलाने के असली ज़िम्मेदार हैं ? पिछले दिनों देश के इतिहास में पहली बार दिल्ली को केवल वायु प्रदूषण के चलते लॉक डाउन का सामना करना पड़ा।

## रंग लाई सख्ती

दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण रोकने में तंत्र की काहिली और जुबानी जमा-खर्च से क्षुब्ध सुप्रीम कोर्ट लगातार सरकारों को फटकार लगाता रहा है। बीते दिनों शीर्ष अदालत ने दो टूक कह दिया कि जमीनी हकीकत बताती है कि प्रदूषण रोकने की ईमानदार कोशिश न के बराबर हुई है। बृहस्पतिवार को कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लताड़ा था और कहा था कि जब वयस्क वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं तो बच्चों को स्कूल क्यों भेजा जा रहा है? कोर्ट ने 24 घंटे में प्रदूषण नियंत्रण के ठोस कदम उठाने को कहा था। कोर्ट की मंशा थी कि अभिभावकों की कारों के बड़ी संख्या में बाहर निकलने से जाम व प्रदूषण बढ़ेगा। जिसके बाद दिल्ली सरकार ने दिल्ली के स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि दिल्ली के मीडिया में कुछ इस तरह रिपोर्टिंग की गई है कि कोर्ट स्कूलों को बंद करवा रहा है। यह भी कि कोर्ट प्रशासन चलाना चाहता है। बहरहाल, दिल्ली व एनसीआर में प्रदूषण की विकट स्थिति पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण के लिये 17 सदस्यों की फ्लाइंग स्क्वॉय़ड बनायी है जो निगरानी रखने वाली टास्क फोर्स को रिपोर्ट करेगी कि प्रदूषण नियंत्रण के उपायों की क्या स्थिति है। टास्क फोर्स में दो स्वतंत्र सदस्य होंगे, जो रोज शाम छह बजे मिलकर अवलोकन करेंगे कि प्रदूषण नियंत्रण निर्देशों का किस सीमा तक पालन किया जा रहा है। यदि पाया गया कि प्रदूषण नियंत्रण के उपायों का पालन नहीं किया जा रहा है तो लापरवाही से सख्ती के साथ निपटा जायेगा। औद्योगिक इकाइयों पर कड़ी शर्त लगायी गई है। मेहता ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया कि कुछ समय इस मैकेनिज्म को काम करने दिया जाये। कोर्ट ने केंद्र सरकार की इस पहल पर संतोष जताया। वहीं जब जस्टिस चंद्रचूड़ ने जानना चाहा कि इसके दायरे में दिल्ली ही है या एनसीआर के लिये भी यह मैकेनिज्म होगा? इस बार केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि टास्क फोर्स दिल्ली व एनसीआर में प्रदूषण मानकों पर काम करेगी। इसके बाद सारे तथ्यों से अवगत होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने टास्क फोर्स और फ्लाइंग स्कवॉयड को मंजूरी दे दी। साथ ही कोर्ट ने निर्देश दिये कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये तुरंत कदम उठाये जायें। वहीं दूसरी ओर दिल्ली सरकार ने कोरोना वायरस की तीसरी लहर की आशंकाओं के चलते दिल्ली में कोविड अस्पतालों के निर्माण की मंजूरी भी अदालत से मांगी थी। हालांकि, दिल्ली सरकार ने पुराने अस्पतालों में बुनियादी ढांचा तैयार करना पहले ही शुरू कर दिया है।

# बाजरा खरीदी सैंपल के स्टैंडर्ड में शिथिलता दी जाए: मावई



## जिला कांग्रेस कमेटी ने विधायक के नेतृत्व में दिया ज्ञापन

**मुरैना।** सरकारी समर्थन मूल्य से किसानों का बाजरा शीघ्र खरीद कराने के लिए मुरैना विधायक के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया और कलेक्टर को ज्ञापन देकर कहा गया कि जिलेभर में समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदी आरंभ की जाए अन्यथा कांग्रेस को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। विधायक राकेश मावई ने ज्ञापन में कहा कि अभी तक समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीदी प्रारंभ नहीं हुई है। विधानसभा क्षेत्र मुरैना सहित जिलेभर की सोसाइटी पर किसानों के बाजरा को गुणवत्ता हीन अमानक बताकर खरीदा नहीं जा रहा है, जिससे किसान परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह द्वारा समर्थन मूल्य तो घोषित कर दिया, लेकिन किसानों का फायदा समर्थन मूल्य पर ना खरीद कर उनके आर्थिक हितों पर चोट कर रहे हैं। जिले में कई बार बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि होने के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो गई। किसानों की फसल का नुकसान एवं मुआवजा आज तक नहीं दिया गया है और अब बेमौसम बारिश से किसानों का बाजरा काला पड़ गया और उसकी चमक कम हो गई है, जिसके कारण जिला प्रबंधक द्वारा किसानों का बाजरा नहीं खरीदा जा रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि किसानों का वायरस समर्थन मूल्य पर खरीदा ही ना जाए। बाजरा का समर्थन मूल्य 2250 प्रति कुंटल है, अगर सोसाइटी पर किसानों के बाजरा का अमानक बताकर नहीं खरीदा गया तो व्यापारी उसे ओने पौने दामों में खरीदेगा, इससे किसानों को आर्थिक नुकसान होगा। एक तरफ शिवराज सरकार किसानों के हितों में कार्य करने की बात करती है तो वहीं दूसरी तरफ बाजरा खरीदने के लिए गुणवत्ता शिथिलता नहीं दी जा रही है। सरकार की दोहरी नीति से किसानों को लाखों क्विंटल बाजरा घाटे में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। श्री मावई ने बाजरा खरीद के लिए सैंपल के स्टैंडर्ड में शिथिलता प्रदान करने एवं विधानसभा सहित जिले भर में बाजरा समर्थन मूल्य पर खरीदने हेतु जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया और ऐसा ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शन में दीपक शर्मा शहर जिला अध्यक्ष, राम लखन दंडोतिया, सत्यपाल सिंह कुशवाह, राकेश परमार, राजेंद्र यादव, प्रेम कुमार बंसल, जितेंद्र गोरैया, विक्रम मुद्गल, नरोत्तम माहौर, अल्ली शर्मा, अमनीश कटारे, राजेश राठौर, मनमोहन दीक्षित, कुलदीप यादव, ओमप्रकाश ठगेले, भरत यादव, रामदास राठौर आदि प्रमुख थे।

## शोषित पीड़ितों की सेवा ही क्षत्रिय धर्मः सिकरवार



**मुरैना।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह सिकरवार ने मुरैना आगमन पर स्वागत पश्चात कहा कि हम समाज सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज का काम शोषित पीड़ित मानव की सेवा करना भी है, चाहे वह किसी भी समाज या धर्म का व्यक्ति हो। इस अवसर पर क्षत्रिय महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौर, समाजसेवी सोबरन सिंह गुर्जा, मानवेंद्र सिंह गांधी, अशोक भदौरिया, सत्येंद्र परमार, महेंद्र सिंह सिकरवार, श्यामवीर सिंह, राघवेंद्र सिंह तोमर, डॉ रामचंद्र सिंह, रतीराम सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**कैलारस।** तमिलनाडु के कुन्नूर जिले में हुये प्लैन क्रैश हादसे में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत सहित शहीद 11 सैनिकों को पुरानी सब्जी मण्डी में द विजन इंस्टिट्यूट पर स्टूडेन्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया कार्यकर्ताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान छात्रों के बीच में शहीदों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए डायरेक्टर रवि परिहार ने बताया कि जनरल विपिन रावत ने अपने जीवन के 40 साल सेना में रहकर देश की सेवा की। सैनिक देश की सरहदों पर पहरा देते है तभी हमारे देश के नागरिक महफूज रह पाते है। इसलिये आज हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते है। श्रद्धांजलि सभा में स्टूडेन्ट्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया के प्रांतीय संयुक्त सचिव राजवीर धाकङ, तहसील संयोजक बॉबी धाकङ, सोनू धाकङ, रामकुमार धाकङ, रोमी सर एवं निकिता, साक्षी, सपना सिकरवार, आयुषी गर्ग, दीपक शर्मा, संतोष, रामगणेश केवट, जयभान यादव सहित लगभग एक सैकडा छात्र-छात्राओं ने शहीदों के चित्र पर मोमबती जलाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## भाजपा ने महाकालेश्वर मंदिर पर चलाया स्वच्छता अभियान



**मुरैना।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आगामी समय में काशी विश्वनाथ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए भाजपा नगर के पूर्व मंडल मुरैना द्वारा महाकालेश्वर मंदिर (शमशान) बड़ोखर पर स्वच्छता साफ-सफाई का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंसाना, मंडल अध्यक्ष अनूप जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पिप्पल, मुकेश जाटव, पवन भारद्वाज, नरेश कारखूर, रामजी लाल प्रजापति, आनंद दंडोतिया, अनूप राजावत, मोहनलाल श्रीवास, नीरज भदोरिया, प्रशांत शर्मा शैंकी, रूद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र गुर्जर, बंटी पारा सहित भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विमुक्त जाति आश्रम को नहीं मिला अनुदान, बच्चों का भविष्य अंधेरे में, कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** विगत 2 वर्षों से जावाली योजना अंतर्गत विमुक्त जाति अभ्युदय संघ के माध्यम से संचालित स्थानीय अभ्युदय आश्रम वाटर वर्क्स कॉलोनी मुरैना को पिछले 2 वर्षों से अनुदान ना मिल पाने के कारण उसमें रहने वाले बच्चों की शिक्षा एवं खाने पीन की व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसको लेकर अभ्युदय आश्रम के द्वारा शुक्रवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर अनुदान दिलाने की मांग की है।

गौरतलब है कि सन 1992 से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार संचालित यह योजना वर्तमान में महिला एवं बाल विकास द्वारा पोषित है, जिसके अंतर्गत शासकीय अनुदान से विमुक्त अनुसूचित जातियों के बच्चे आश्रम में रहकर शिक्षा दीक्षा प्राप्त करते हैं। आश्रम की उपलब्धियों में यहां के बच्चों ने शिक्षा तथा खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर तक अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। विगत 2 वर्षों से अनुदान ना मिल पाने के कारण बच्चों के खानपान एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए आश्रम प्रबंधन परेशान हैं। वर्तमान में बच्चों के भोजन एवं राशन का भी संकट गहरा गया है, ऐसी स्थिति में आश्रम के पास कोई संसाधन नहीं है, यदि अनुसूचित जाति के बच्चों को राशन एवं भोजन के अभाव में कोई शारीरिक कुपोषण समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी महिला एवं बाल विकास तथा स्थानीय प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां बच्चे राष्ट्रीय धरोहर हैं, वहीं मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति एवं जनजाति के वर्गों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं

# किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कल जयपुर जाएंगे हजारों कार्यकर्ता



**मुरैना।** देश में बेतहाशा बढती महंगाई, बेरोजगारी के विरोध में राजस्थान की राजधानी जयपुर मैं कांग्रेस द्वारा 12 दिसंबर को विशाल आम सभा एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रांतों के साथ-साथ मध्यप्रदेश के मुरैना जिले से किसान कांग्रेस के पदाधिकारी एवं हजारों कार्यकर्ता व किसान इस विशाल आमसभा एवं प्रदर्शन में शामिल होंगें। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा हुसैनपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के विद्याधर स्टेडियम में कल 12 दिसंबर को आयोजित महंगाई विरोधी रैली में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशन में व किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में जिले भर से हजारों कार्यकर्ता एवं किसान 11 दिसंबर को जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां आयोजित रैली में शामिल होंगे। श्री शर्मा ने बताया कि जयपुर में होने वाली यह रैली अब तक की विशाल रैली होगी, जिसमें लाखों की संख्या में देश भर से कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं किसान शामिल होंगे। उन्होंने जिले भर के किसान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों से रैली में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने को कहा है।

## विमान दुर्घटना ने मृत सेनानायक रावत सहित 13 लोगों को आज दी जाएगी श्रद्धांजलि

**मुरैना।** 2 दिन पूर्व विमान दुर्घटना में मृत हुए सीडीएस बिपिन रावत एवं अन्य सेनानायक के दुखद निधन से सभी स्तब्ध हैं। हिंदू जागरण मंच जिला मुरैना देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार की दोपहर जीवाजीगंज पार्क में 1:30 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें शहरवासी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। विदित हो कि 8 दिसंबर की दोपहर सीडीएस बिपिन रावत, ब्रिगेडियर लखविंदर सिंह, लेफ्टिनेंट कमांडेंट हरविंदर सिंह सहित 13 लोगों की तमिलनाडु के कुन्नूर नामक स्थान पर एमआई-17 विमान के क्रैश जाने से दुःखद मौत हो गई और पूरा देश स्तब्ध रह गया। देश की सुरक्षा के लिए अपने पथ पर अडिग रहने वाले सभी वीर सपूतों को हिंदू जागरण मंच जिला मुरैना द्वारा शहर वासियों के साथ श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# विश्व शांति की कामना के लिए कल होगा भगवान शांतिनाथ का 1008 कलशों से महामस्तकाभिषेक

**अम्बाह।** दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री विशाल सागर जी, श्री धवल सागर जी एवं श्री वीर सागर जी महाराज का इन दिनों श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिंहोनिया में आगमन हुआ है इस अवसर पर जैन संतो के सानिध्य में विश्व शांति, जगत कल्याण एवं मानव कल्याण की भावना के लिए भगवान श्री शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक महोत्सव कल 12 दिसंबर 2021 को दोपहर 12:00 बजे आयोजित किया गया है। इस अवसर पर देश भर से श्रद्धालुओं का आगमन होगा मंदिर कमेटी से जुड़े आशीष जैन सोनू ने बताया कि तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का महामस्तकाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन 12 दिसंबर रविवार को होगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। अतिशय क्षेत्र कमेटी सिंहैनियां ने इस संबंध में संपूर्ण रूपरेखा तय कर ली हैं उक्त महोत्सव में देशभर की जैन समाज को आमंत्रित किया गया हैं, जिनके आवास, पार्किंग एवं भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की गई है। इस मौके पर प्रशासनिक अफसरों और राजनेताओं के आने की स्वीकृति भी मंदिर कमेटी को प्राप्त हुई है। जिनेश जैन के अनुसार सिंहौनिया स्थित जैन मंदिर की प्राचीन भगवान शांतिनाथ, अरहनाथ, कुंथुनाथ की प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। श्री जैन के अनुसार कार्यक्रम में



1008 कलशों से भगवान का 12 बजे महामस्तकाभिषेक होगा। इसके बाद विश्व शांति जनकल्याण हितार्थ शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन होगा। जिनेश जैन के अनुसार तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ शांति का प्रतीक है। 12 दिसंबर को ठीक दोपहर 12 बजे विश्व से कोरोनावायरस की मुक्ति एवं अमन शांति एवं सद्भाव के लिए मंत्रोच्चारण के बीच जैन मुनियों के सानिध्य में यह महा मस्तकाभिषेक का कार्यक्रम आयोजित होगा।

### 1100 वर्ष पुरानी है प्रतिमाएं

सिंहोनिया जैन मंदिर में विराजमान भगवान शांतिनाथ, भगवान अरहनाथ व कुंथुनाथ की प्रतिमाएं लगभग 1100 वर्ष पुरानी है। जिनके दर्शनार्थ देश भर से श्रद्धालु समय-समय पर आते हैं। 80 वर्ष पूर्व बरवाई गांव के ब्रह्मचारी गुमानी लाल जैन को रात्रि में स्वप्न हुआ था कि सिंहोनिया गांव में एक स्थान पर प्राचीन जैन प्रतिमाएं गढ़ी हुई है। सुबह होने पर उन्होंने स्वप्न की जानकारी समाज के लोगों को दी और वह उन्हीं लोगों को साथ लेकर सिहौनियां पहुंचे जहाँ स्वप्न में बताए गए स्थान की खुदाई की, जिसके बाद ऐतिहासिक महत्व की यह मूर्तियां प्राप्त हुई। सभी समाज जनों ने फैसला कर उसी स्थान पर मंदिर निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया जो आज भव्यतम रूप ले चुका है।

# उड़ान फाउंडेशन ने नवजात को बांटे कंबल एवं किया खाद्य सामग्री व फलों का वितरण



**अम्बाह।** नगर की समाज सेवी संस्था उड़ान फाउंडेशन द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्यों ने मरीजों को सर्दी से संबंधित रोगों के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीज व उनके परिजनों को खिचड़ी का भोजन कराया। इस मौके पर बच्चों का सर्दी से बचाव हो सके। इसलिए नवजात एवं भर्ती बच्चों को कंबल बांटे गये गर्भवती महिलाओं के लिए विंटर कैप, दलिया, बिस्कुट, ब्रेड, चाय और फल का वितरण भी किया गया। फाउंडेशन के सदस्य गिरीश गुप्ता ने बच्चों को कंबल, शॉल, फल, बिस्किट चॉकलेट और बलून्स वितरित किये। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर जागरूक करने एवं खुशी बांटने के उद्देश्य से सभी सदस्य मरीजों व यहाँ भर्ती बच्चों और उनके परिजनों के बीच आये हैं, साथ ही उनके परिजन भी खुश हो गए। भर्ती बच्चों को ठंड के मौसम में दिक्कत न हो इसलिए उनको गर्म कपड़े वितरित किए गए।

# जिला प्रबंधक ने खराब बाजरे का बहाना बनाकर खरीदी रोकी, किसानों का हो रहा शोषण

### पिछले वर्ष 14 लाख मेट्रिक टन से अधिक हुई खरीदी, इस बार मात्र 1070 मेट्रिक टन हुई खरीदी

**मुरैना।** नागरिक आपूर्ति विभाग के जिला प्रबंधक के भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते जिले के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। खबर का असर यह है कि इस बार बाजरा खरीदी बहुत कम हुई है और खरीदी को रोक दिया गया है, जबकि बाजरा खरीदी की अंतिम समय सीमा 21 दिसंबर है। प्रबंधक की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चलते जिले की जनता को पीडीएस के माध्यम से घुना एवं कंक्रीट युक्त गेहूं और बाजरा खाना पड़ रहा है खरीदी ना होने के कारण किसान नेताओं के नेतृत्व में किसानों द्वारा दो बार मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा चुके हैं लेकिन अभी तक खरीदी प्रारंभ नहीं हुई है और किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक सोसायटी द्वारा बाजरा का कलर चेंज होने के कारण उसे खराब बताकर नहीं खरीदा जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि जिला प्रबंधक पर कलेक्टर द्वारा नकेल कस दी गई है। इस कारण बाजरा की खरीद रोकने के लिए जिला प्रबंधक ने समिति वालों को मना कर दिया है, जिस कारण मध्य प्रदेश द्वारा बाजरा का समर्थन मूल्य 2250 नहीं मिल पा रहा और किसानों के बाजरे का कलर चेंज बताकर सोसायटी द्वारा मना किया जा रहा है तथा व्यापारी उसे 1650 रुपए में खरीद रहे हैं इससे किसानों पर हर तरफ से मार पड़ रही है। नागरिक आपूर्ति जिला प्रबंधक की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के चर्चे जिले के अलावा चंबल संभाग में चर्चित है और उनकी ऊंची पहुंच होने के चलते कलेक्टर भी कार्यवाही करने में असहाय महसूस कर रहे हैं। गौरतलब है कि विगत वर्ष 2020-21 में बाजरा खरीदी 147850 मैट्रिक टन हुई थी एवं वर्ष 2021-22 में गेंहू खरीदी 76522 मैट्रिक टन हुई है, लेकिन तब भी गेंहू की गुणवत्ता ठीक नही थी और तब भी श्री जैन ही जिला प्रबंधक थे। अब बाजरा खरीदी मामले में आज दिनांक तक मात्र 1070 मेट्रिक टन बाजरा की खरीदी हुई है, जिसको गोदाम में जमा नहीं किया जा रहा है यह कहकर कि बाजरा की गुणवत्ता खराब है, इससे साफ जाहिर होता है कि जिला प्रबंधक कितने भ्रष्ट हैं और इनके द्वारा कलेक्टर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को गलत जानकारी दी जाकर गुमराह किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि जिला प्रबंधक द्वारा समिति वालों को वाजरा खरीदी के लिए मना कर दी गई है, जिस कारण बाजरा खरीदी नहीं हो पा रही तथा किसान परेशान हैं।

इस संबंध में किसान नेता डॉ योगेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला प्रबंधक की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण किसानों का शोषण हो रहा है और पूर्व में खरीदा गया सड़ा गला गेहूं पीडीएस के माध्यम से आम जनता को खिलाया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा है कि दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है और 8 दिन खरीदी में शेष बचे हैं, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हो जाएगा, जब कि पहले ही किसान अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक आपदा से परेशान हैं।

# मप्र पंचायत चुनाव- उम्मीदवारों को लेकर ये निर्देश जारी, अधिकारियों को सौंपे दायित्व, कमेटी गठित...

**यदि अभ्यर्थी के पास नाम निर्देशन पत्र भरते समय जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नही है, तो अभ्यर्थी को इस वर्ग का सदस्य होने के बाबत, जिसके लिए स्थान आरिक्षत है,अपना जाति संबंधी शपथ पत्र नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा...***

***केशब पटसारिया चम्बल...??***

***भोपाल...*** जबलपुर हाईकोर्ट के फैसले के बाद मप्र पंचायत चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। 4 दिन बाद 14 दिसंबर 2021 को आरक्षण होगा, इसके पहले पहले चरण में होने वाले चुनावों के मद्देनजर जिले स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। भिंड में निर्वाचन सेल का गठन,कटनी में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दायित्व और पन्ना में नो-ड्यूज प्रमाण पत्र के लिए निर्देश दिए गए है। वही राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्टैण्डिंग कमेटी का गठन का गठन भी एक के बाद एक जिलों में होना शुरु हो गया है।वही आरक्षित वर्ग के पदों से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है। इधर, राज्य निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है, जिसमें नाम निर्देशन के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को नामांकन के साथ विद्युत विभाग का नो-ड्यूज प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के कार्यपालन यंत्री को नामांकन स्थल पर कर्मचारियों को तैनात कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इससे सभी अभ्यर्थियों को समय पर नो-ड्यूज प्रमाण पत्र मिल सकेगा और अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने से वंचित नहीं होंगे। भिण्ड उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन महेश बडोले द्वारा निर्वाचन संबंधित दायित्वों के निर्वहन के लिए निर्वाचन सेल का गठन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी भिण्ड को मतगणना प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन सेल में जिला शिक्षा केन्द्र भिण्ड के सहायक ग्रेड-3 मुकेश हिण्डोलिया, शामावि पावई के मुकेश रायपुरिया,




शामावि सुखवासीपुरा के माशि राकेश कुमार मौर्य, शामावि इगुरी के प्राथमिक विद्यालय कुलदीप शुक्ला एवं शामवि बुनियादी के माध्यमिक शिक्षा पंकज शर्मा को रखा गया है।

**अभ्यर्थियों को देना होगा जाति प्रमाण पत्र:** राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव दीपक सक्सेना ने बताया कि आयोग द्वारा विचारोपरान्त आरक्षित वर्ग के पदों से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र के संबंध में निर्णय लिया है कि पंचायत निर्वाचन में अरक्षित पद से निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थी से यह अपेक्षा रहेगी, कि वह नाम निर्देशन पत्र के साथ मप्र शासन के समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी शासन द्वारा निर्धारित विहित प्ररूप में जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें। यदि अभ्यर्थी के पास नाम निर्देशन पत्र भरते समय जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नही है, तो अभ्यर्थी को इस वर्ग का सदस्य होने के बाबत, जिसके लिए स्थान आरिक्षत है,अपना जाति संबंधी शपथ पत्र नाम निर्देशन पत्र की संवीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व रिटर्निंग आफीसर के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। मप्र शासन के समक्ष प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने अथवा आरक्षित वर्ग का सदस्य होने बाबत शपथ पत्र प्रस्तुत नही करने की स्थिति में अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

**उम्मीदवारों को ऑनलाइन नाम-निर्देशन भरने की सुविधा:** पंचायत चुनाव 2021-22 के लिए आयोग द्वारा जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नाम-निर्देशन एप्लीकेशन के माध्यम से नाम-निर्देशन भरने की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है।जिला पंचायत सदस्य एवं जनपद पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन हेतु एप्लीकेशन की वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी स्वयं लेपटॉप और डेस्कटॉप से या सायबर कैफे और एमपी-ऑनलाइन कियोस्क/लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपना नाम निर्देशन पत्र भर सकता है। ह्रद्धह्र के माध्यम से भरे गये नाम निर्देशन पत्र की हार्डकॉपी निर्धारित समयावधि में रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना अनिवार्य है।ह्रद्धह्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में हेल्पडेस्क और सुविधा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

**जिला स्तर पर स्टेडिंग कमेटी गठित करने के निर्देश:** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत चुनाव के आम निर्वाचन 2021-22 के लिये जिला स्तर पर स्टेडिंग कमेटी गठित करने के निर्देश दिये गये हैं। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग बीएस जामोद ने जानकारी दी है कि स्टेडिंग कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगे। कमेटी में पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, निर्वाचन से जुड़े अधिकारी जिन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी आवश्क समझें और मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल एवं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दल के जिला अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि सदस्य होंगे। जिला स्तर पर गठित स्टेडिंग कमेटी की बैठक निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पूर्व (मतदान केन्द्रों की सूची प्रकाशित होने के पूर्व) आयोजित की जायेगी। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण बिन्दु पर चर्चा के लिये जब भी चाहे स्टेडिंग कमेटी की बैठक आयोजित कर सकते हैं।

**पन्ना में जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी का गठन:** पन्ना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 07 दिसम्बर को दिए गए निर्देश के पालन में पंचायत चुनाव 2021-22 में पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए तत्काल प्रभाव से जिला स्तरीय स्टैण्डिंग कमेटी का गठन किया है। इस संबंध में पूर्व में 28 अक्टूबर 2021 को जारी आदेश को निरस्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे, जबकि पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सभी एसडीएम, रिटर्निंग अधिकारी और जनपद पंचायत के सीईओ सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

## वन-टू-वन

### बैंक मैंनेजर नही चाहते व्यापारियों पर कोई कार्यवाही-संजय गुर्जर



**6 दिन बाद खुली दबोह गल्ला मंडी**

**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

लम्बे समय के बाद शुक्रवार को सातवें दिन व्यापारियो और बैंक मैनेजर के बीच सुलह हुई।जिसके चलते गल्ला व्यापारी मंडी खोलने को तैयार हो गए हैं।दरअसल बीते रोज दबोह आढ़तियों और यूको बैंक मैनेजर के बीच कुछ कहासुनी हो गई थी जिसके चलते यूको बैंक मैनेजर ने आढ़तियों के खिलाफ थाना दबोह में आवेदन प्रस्तुत कर आढ़तियों पर कार्यवाही की मांग की थी।जिसके चलते व्यापारियों ने गल्ला मंडी को पूर्ण रूप से बंद कर दिया था।जिसके चलते किसानों को बड़ी समस्या आ रही थी।बीते रोज पहले लहार एसडीएम ने भी दबोह विश्राम गृह पहुँचकर व्यापारियों व बैंक मैनेजर के बीच सुलह कराने की कोशिश की थी परंतु बैंक मैनेजर अपनी शिकायत वापस लेने को तैयार नही हुए और मंडी लगातार बन्द रही।तदोपरांत शुक्रवार को पुनः एसडीएम लहार के समक्ष सुलह होने के बाद गल्ला मंडी खुलने के आसार बन गए हैं।यहां बता दें कि 4 दिसम्बर 2021 से लगातार गल्ला मंडी बन्द थी।व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय सिंह गुर्जर ने बताया कि बैंक मैनेजर अब व्यापारियों पर कोई कार्यबाही नही चाहते हैं इसलिए अब सुलह हो चुकी है और आढ़तिया मंडी खोलने को भी राजी हो चुके हैं।

### छात्रनेता ने जन्मदिवस पर गरीबों को बांटे कम्बल, रजाई


**बृजपाल सिंह गुर्जर**

***मेहगांव -*** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगरमंत्री प्रशांत शर्मा ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर गल्ला मंडी के खुले प्रांगड़ में आश्रित दिहाड़ी, गरीब मजदूरों को कम्बल, रजाई, एवं सर्दी के



कपड़े आदि वितरित कर गरीब बच्चों के बीच ही केक बाँटकर अपना जन्मदिवस मनाया। इस दौरान प्रशांत शर्मा ने कहा कि प्रतिदिन सुबह शाम जब यहां गल्ला मंडी में दौड़ने आया तो देखा कि बाहर से आये हुये कुछ मजदूर जिनके पास ऐसी कड़ाके की सर्दी से बचने के लिये पर्याप्त कपड़े भी नही है और इनके छोटे छोटे बच्चों को अधिक सर्दी का सामना करना पड़ता है यह देखकर मन मे इनके लिये कुछ करने का विचार आया। तो जन्मदिवस पर घर पर उपहार में मिले पैसों से मैने मेरे दोस्तो को पार्टी न देते हुये यह प्लान किया और सभी दोस्तों के साथ इन गरीब बच्चों के साथ जन्मदिन मनाना उचित समझाया। प्रशांत ने कहा कि अभी तक हमने अपने जन्मदिन पर चेहरों पर केक लगाते और बर्बाद किया था पर इस जन्मदिन पर वास्तविक खुसी तब मिली जब यह केक इन बच्चों के साथ काटा। प्रशांत ने देश के सभी युवाओं से अपने जन्मदिन को परोपकार, सेवाभाव से मनाने की भी अपील की है। इस दौरान उनके साथ अस्वनी त्यागी, धर्मेंद्र गुर्जर, सचिन भदौरिया, अनिल गुर्जर, नित्यम तिवारी, प्रमोद गुर्जर, अभिषेक ओझा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### काम क्रोध लोभ इन तीनो के कारण पुण्य का छह होता है-नंदिनी भार्गव



**शिवपुरी**-खबर कोटा फोरलेन पर खरई तेंदुआ के बीच श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से आ रही है जहाँ पर श्री मद्भागवत कथा के तीसरे दिवस,वाराह अवतार, ध्रुव चरित्र,भरत चरित्र,के साथ कपिल द्वारा भक्ति योग की महिमा का वर्णन,वालयोगी वासुदेव नंदिनी भार्गव द्वारा वडे ही रोचक तरीके से प्रसंग सुनाये गये। काम क्रोध लोभ मोह माया पर वडे ही आध्यात्मिक ढंग से कथा का श्रवण कराया। उन्होंने कहा कि क्रोध काम का छोटा भाई है,अति सावधान रहने पर काम तो मारा जा सकता है।

# न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ ने मानव अधिकार दिवस पर की पुरानी पेंशन की मांग: रावत



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-**

**शिवपुरी**---पुरानी पेंशन संघ न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ ने 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस पर शहीद तात्या टोपे स्मारक पर कैंडल मार्च निकालकर न्यू पेंशन योजना का विरोध किया पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई एवं हेलीकॉप्टर दुर्घटना मैं देश के प्रथम सी डी एस जनरल विपिन रावत सहित साथी शहीद हुए वीरो को श्रंद्धा सुमन अर्पित किए संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने बताया कि तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा 2004 में 1972 पेंशन अधिनियम में संशोधन कर न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई इसमें कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह 10त्नअंशदान लिया जाता है जीपीएफ की सुविधा उपलब्ध नहीं है परिवार पेंशन का प्रावधान नहीं है कार्मिक की सेवा काल मैं मृत्यु होने पर 80त्न राशि का पेंशन प्लान दिया जाता हैं एवं 20त्न राशि ही परिवार को दी जाती है न्यूनतम पेंशन का प्रावधान नहीं है यह सब कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हैं आज मानव अधिकार दिवस पर सभी कर्मचारियों ने संगठित होकर तात्या टोपे स्मारक पर कैंडल जलाकर विरोध प्रकट किया केंद्र व राज्य सरकार से मांग की कि 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों के अधिकार का हनन हो रहा है वह बंद किया जाए और कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल की जाए जिससे कर्मचारी को बुढ़ापे का सहारा पुरानी पेंशन मिल जाए मानव अधिकार दिवस पर सभी कर्मचारियों ने शपथ ली कि हम अपना अधिकार लेकर रहेंगे इस अवसर पर जनक सिंह रावत,राजेश सोनी,नीरज मिश्रा,वीरेन्द्र सिंह रावत,बालू राम रावत,रेणू शर्मा,वसंती शर्मा, सुल्तान सिंह जगदीश शर्मा संदीप कुलश्रेष्ठ विनय रावत संतोष श्रीवास्तव मुकेश रावत दीपक अशोक त्यागी बुंदेल सिंह पीतम शाक्य सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे

# अन्नपूर्णा महिला मंडल द्वारा दूसरा विशाल भंडारा आयोजित



**दबोह(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

दबोह नगर की सिद्धपीठ मां अन्नपूर्णा देवी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस भव्य आयोजन से पहले मंदिर में मां की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ प्रसाद अर्पित किया।तदोपरांत भण्डारे का आयोजन किया गया।भण्डारे का यह क्रम दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा और रात में इसने एक विशाल भंडारे का रूप ले लिया।जिसमे लगभग 1200 कन्याओ व लोगो ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।नगर में यह भंडारे का आयोजन मां अन्नपूर्णा महिला मंडल द्वारा किया गया व मन्दिर के पुजारी पण्डित कृष्णदास मिश्रा है।महिला मण्डल ने बताया कि यह मातारानी का दूसरा भण्डारा है।जिसमे अब तक कई सैंकड़ो कन्याएं भण्डारा ग्रहण कर चुकी हैं।उन्होंने बताया कि माता रानी की कृपा से भण्डारा हमेशा चलता रहेगा।साथ ही पुजारी ने बताया कि भक्तो के द्वारा हर वर्ष मन्दिर परिसर में ऐसे भंडारे व कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं माता रानी सभी की मनोकामना पूर्ण करें।यहां बता दें कि अन्नपूर्णा महिला मंडल में अर्चना गुप्ता,ममता मिश्रा,रेखा कोठारी,रेखा सेठ,ममता गुप्ता,संध्या श्रीवास्तव, शुशीला सोनी,अंजू गुप्ता,कपूरी सोनी,पिंकी पराशर, भुना चौहान,चंदा महतेले आदि महिलाएं शामिल हैं।

## बरुआ बने श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के संभागीय अध्यक्ष

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का सदैव प्रयास करूँगा- बरुआ**

**भिण्ड।** सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लेकर धरातल पर कार्य कर रहे ÷श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ (रजि.)÷ के राष्ट्रीय



अध्यक्ष नागेंद्र दुबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी मध्यप्रदेश श्याम सुंदर शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष व संस्थापक इंजी. विजय शर्मा ने संघठन का विस्तार करते हुए, प्रदेश सह प्रभारी अरुण व्यास, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन शर्मा की सहमति और युवा प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज पाण्डेय के अनुमोदन पर भिण्ड वाटर वर्क्स निवासी युवा समाजसेवी राजीव बरुआ को संभागीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री बरुआ को संघठन की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विस्वास के साथ वरिष्ठ नेतृत्व ने मुझे इतनी अहम जिम्मेदारी सौंपी है उसका मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करूँगा।

# भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति ने सीडीएस बिपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**पाली ।** पाली में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यसमिति ने कार्यक्रम आयोजित कर देश के प्रथम सीडीएस बिपिन रावत तथा उनके साथ शहीद हुए सैनिक अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार पाली विधायक ज्ञानचंद पारख सभापति रेखा राकेश भाटी जिला महामंत्री मोहन जाट जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिवेदी नारायण कुमावत किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष खीमाराम धारिया जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी रामकिशोर साबु जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी पूर्व प्रधान सरवड बंजारा चैन सिंह राजपुरोहित महावीर सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोहर कवर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमंत चौधरी दर्शन तलवार महेंद्र कुमावत आशीष तिवारी निशांत दवे मूल सिंह भाटी अजीत कोहिनूर अमराराम



देवासी मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह जगदीश सिंह राजपुरोहित नरपत दवे पुखराज बंजारा गुमान सिंह रावत मुकेश गोस्वामी मानवेंद्र सिंह भाटी राजेश सहित कई भारतीय जनता पार्टी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष तथा पार्टी के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इस अवसर पर पाली विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्य है कि दुर्घटना में हमारा देश के गौरव भारतीय सेना के सीडीएस बिपिन जी रावत तथा उनके साथी गणों की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में अब हमारे बीच नहीं रहे लेकिन देश के लिए उनका कार्य हमेशा याद किया जाएगा उन्होंने भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहे देशभक्ति के जज्बात के लिए उनको हमेशा याद किया जायेगा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता हमेशा देश की सेवा मे तत्पर है हमें सौभाग्य नहीं मिला कि हम सेना में जाकर देश सेवा करें परंतु देश के अंदर रहकर हम देश की सेवा कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार ने भी संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत भावरी में आर्मी ग्रुप में सीडीएस बिपिन रावत व उनकी धर्मपत्नी और वीर शहीदों को उनकी शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की व युवाओं ने संकल्प लिया कि वह भी आर्मी में शामिल होकर अपने देश की सेवा करेंगे।

# काला दिवस मनाने को मजबूर आशा एवं सहयोगिनी कार्यकर्ता-लक्ष्मी कौरव

**मांगो को लेकर सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**लहार(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर हम आशा एवम सहयोगिनी कार्यकर्ता काला दिवस मनाने को कार्यकर्ता मजबूर है क्योंकि संविधान में दिए गए हमारे सभी अधिकारों को ना सिर्फ छीना गया है बल्कि खत्म कर दिया गया है।यह बात मप्र आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ की प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी कौरव ने लहार में काला दिवस मनाने के दौरान कही।

यहां बता दें कि काला दिवस मनाने के दौरान कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री व मिशन संचालक महोदया राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम का ज्ञापन लहार एसडीएम को सौंपा।उन्होंने कहा कि हम सभी को रोजगार के नाम से जोड़कर बेरोजगार बना दिया गया है।यह सरकार की बहुत बड़ी साजिश है क्योंकि कहने को तो हम ह्यरू के कार्यकर्ता है।लेकिन नाममात्र के प्रोत्साहन से हमारे परिवार का गुजारा तो दूर आने जाने का किराया तक पूरा नहीं हो पाता है और कभी




कभी किसी काम के लिए हमारे घर का पैसा भी खर्च हो जाता है।उस परिस्थिति में घर वाले भी हम से असंतुष्ट रहते हैं कि ना हीं हम घर का काम समय पर कर पाते हैं और ना ही हम बच्चो और परिवार के लिए कुछ कमा सकते हैं और ना ही हम अपने बच्चों की परवरिश पर ध्यान दे सकते हैं।यह सब देखते हुए सब कुछ साफ नजर आता है कि हमारा भविष्य और हमारे परिवार का भविष्य अंधकारमय होगा।हमारे भारत देश में हमें 6 अधिकार प्राप्त हुए लेकिन उन छह अधिकारों में से वर्तमान समय हमारे जीवन में जीवन में किसी एक भी अधिकार के साध ना जी पाने से सम्मान,स्वाभिमान यहां तक कि संस्कार भी नष्ट होते जा रहे हैं क्योंकि शारीरिक,आर्थिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ हम कार्यकर्ता खुद डिप्रेशन का शिकार होते जा रहे है।

1.समता या समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14 से अनुच्छेद 18) पुरुष वर्ग की तुलना में नहीं मिल रहा है समान कार्य का समान वेतन 2.स्वतंत्रता का अधिकार(अनुच्छेद 19 से 22) अधिकारियों का दबाव देखते हुए लगता है कि,श्वांस भी उन्हीं से पूछ कर लेना पड़ेगी 3.शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23 से 24) फ्री में 12 घंटे से भी अधिक कार्य कराने के खिलाफ बोलने पर नौकरी से निकाले जाने की धमकी दी जाती है 4.धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25 से 28) हमारे देश का मुख्य त्योहार दीपावली पर धनतेरस के दिन भी ड्यूटी लगाकर कार्य के लिए बाध्य किया जाता है 5.संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 से 30) जीने लायक वेतन नहीं मिलने के कारण हमें डर है कि कहीं हमारे बच्चे भी हमारी तरह कम शिक्षित रह गए तो उनके भविष्य का क्या होगा

6.संवैधानिक अधिकार(अनुच्छेद 32) जिस विभाग के लिए हम अपनी जान जोखिम में डालकर के कार्य करते हैं उस विभाग के द्वारा जिस तरह भेदभाव और अमानवीय व्यवहार हमारे साथ किया जाता है उसे देखकर लगता है कि तानाशाह रवैया तंत्र का एक हिस्सा बनता जा रहा है। इस आशा के साथ कि जिम्मेदार अधिकारी और सरकार दोनों ही हमारे इन अधिकारों के साथ हमेशा सम्मान जनक जीवन जीने के लिए हमारा सहयोग करेंगे।हम आज का अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस काला दिवस के रूप में मना रहे हैं।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

***अपने अधिकारों के साथ जीने और लोगों को जागरूक करने की ली शपथ***

**भिण्ड।** एनएसएस छात्रों ने दी शहीद विपिन रावत जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर भिण्ड नगर के उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ हिमांशु बंसल जिला चिकित्सालय भिण्ड, शिव प्रताप सिंह भदौरिया जिला समन्वयक जन अभियान परिषद,नवजीवन रक्तदान संगठन की संचालिका समाजसेवी श्रीमती नीतेश जैन, हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ जितेंद्र बिसारिया, बीआरसीसीसी सतेन्द्र सिंह कुशवाह प्रमुख रूप से मंचासीन रहे।अध्यक्षता वरिष्ठ व्याख्याता आर बी शर्मा ने की।संचालन एवं आभार प्रदर्शन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने किया।

कर्तव्य और अधिकार एक दूसरे के पूरक हैं।पहले हम अनुशासित रहकर ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें ,फिर अधिकारों की बात करें।मानव अधिकार का मतलब मनुष्य के वे सभी अधिकार देना है,जो व्यक्ति के जीवन,स्वतंत्रता,समानता एवम प्रतिष्ठा से जुड़े हैं। यह बात डॉ हिमांशु बंसल ने मानवाधिकार संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कही। जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी कीमत पर कोई भेदभाव न हो ,समस्या न हो।सब शान्ति खुशी-खुशी अपना जीवन जी सकें, इसीलिए मानवाधिकारों का निर्माण किया गया। प्रोफेसर जितेंद्र बिसरिया ने कहा कि यह दिवस लोगो को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।आज बहुत सारे लोगों को मानवाधिकारों के



बारे में जानकारी नहीं है, जबकि वे उनके खुद के अधिकार है।ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से इसे जन जन तक पहुंचाना आवश्यक है। समाज सेविका नीतेश जैन ने कहा पद, प्रतिष्ठा, संपत्ति में हम कितने बड़े भी बने रहें, लेकिन सबसे पहले हम इंसान हैं और इसके नाते हमें जरूरतमंदों की सेवा सहायता करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 10दिसंबर 1948 को विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथमबार मानवों के अधिकारों के बारे में बात रखी थी,हालांकि आधिकारिक तौर इस दिन की घोषणा 1950 में हुई। भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानवाधिकार कानून अमल में आया और 12अक्टूबर 1993 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस वर्ष की मानवाधिकार दिवस की थीम %असमानताओं को कम करके मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना है% निर्धारित की गई है। संगोष्ठी में बीआरसीसी सतेन्द्र सिंह कुशवाह, श्रीमती प्रीति व्यास एवम वोकेशनल टीचर भूपेंद्र सिंह कुशवाह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में रासेयो प्रभारी द्वारा मानवाधिकार दिवस पर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। अंत में सभी ने दो मिनिट का मौन धारण कर हेलीकॉप्टर हादसे में शहीद हुए देश के पहले सीडीएस जनरल विपिन रावत जी एवम उनके साथ शहीद सभी साथियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर समाजसेवी पिंकू शर्मा,व्यवसायिक शिक्षक मधुराज शर्मा, श्रीमती कमलेश कुशवाह, प्रीति व्यास,मधु शर्मा , भूपेन्द्र सिंह कुशवाह आदि सहित एनएसएस वालंटियर्स मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### वर्षों से बंद पड़ी बैंक आफ महाराष्ट्र शाखा कारंजा की एटीएम मशीन, ग्राहक हो रहे परेशान

कोरोनाकाल में बैंक के ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा प्रदान हो ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो लेकिन , कारंजा में स्थित बैंक आफ महाराष्ट्र की एटीएम हमेशा खराब ही रहती है, स्थानीय लोगो द्वारा



कई बार शाखा में शिकायत भी दर्ज कराई है लेकिन अभी तक बैंक अधिकारियो द्वारा कोई भी निराकरण नहीं किया गया है, जबकि कारंजा में स्थित यह एटीएम स्थानीय लोगो के लिए पैसा निकासी का एकमात्र उपयुक्त जगह थी। कारंजा ग्राम पंचायत के निवासी एटीएम के ख़राब होने से रूपये निकालने के लिए परेशान है, कियोस्क और बैंक में जाकर लाइन लगाकर धुप में खड़े रहते है कई बार तो लाइन में लगे रहने के वावजूद उनका नंबर आते ही बंद करने का समय हो जाता है और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ता है, ऐसे में यदि बैंक द्वारा एटीएम का सुधार करवा कर ग्राहकों के लिए पैसा निकासी की व्यवस्था की ओर ध्यान दिया जाता तो ग्राहकों को हो रही इस प्रकार के असुविधा से बचा जा सकता है।

### छात्रों ने एकजुट होकर आज एमजेएस कॉलेज में प्राचार्य को दिया ज्ञापन

***उमाकान्त शर्मा***

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

**भिण्ड।** शहर के शासकीय महाविद्यालय एमजेएस के छात्रों ने पढ़ाई में व्यवधान न हो इसको



लेकर प्राचार्य को ज्ञापन दिया।उन्होंने बताया कि जैसा कि नई बिल्डिंग तैयार ही हो पाई है उसको निर्वाचन आयोग अपना कार्यालय बना रहा है इससे पहले ही पिछले विधानसभा चुनाव की ईवीएम अभी तक कॉलेज में रखी हुई है और अब प्रशासन नई बिल्डिंग में भी अपना कार्यालय बना रहा और कॉलेज में रिनोवेशन का कार्य भी चल रहा है जिससे छात्र-छात्राओं की कक्षाएं नियमित रूप से नहीं लग पा रही है वैसे भी कोरोना काल की वजह छात्र-छात्राओं के पाठ्यक्रम सही समय पर पूरे नहीं हो पा रहे।

# सैनिक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर मध्य प्रदेश





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** सी डी एस बिपिन रावत जी को ग्वालियर मै लक्ष्मी बाई की समधिव से फूलवाग तक मार्च निकालकर वन्दे मातरम् के साथ सभी शहीदों को अमर रहे के नारे के साथ दो मिनट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश संयोजक धाकड सहसायोजक परिहार सहसायोजक शीतल सिंह भदौरिया संभाग प्रभारी सत्यापल सिंह शामिल हुये द्य सत्यापल सिंह जी ने श्रद्धांजलि देते हिये कहाँ की जर्नल रावत देश के वीर सपूत हमेशा अमर रहेंगे और उनके बताएँ रास्ते पर देश का नोजवान चलता रहेगा देश सबसे बड़ा धर्म है यह उनके जीवन से हमें सीखने को मिलती है द्य भदौरिया जी ने कहाँ देश पूरा शोक मै है देश सबको बहुत बड़ी क्षति हुई है जो भरपाई सम्भव नहीं जर्नल साहब के रूप मै द्य देश इतिहास के पन्नो पर स्वर्ण अक्षरों मै नाम लिखा जाएगा द्य

## बसपा जिला अध्यक्ष ने किया जिले में दौरा

अनिल कुशवाह ब्यूरो

शिवपुरी-खबर शिवपुरी जिले से आ रही हैं जहाँ बहुजन समाज पार्टी जिला शिवपुरी के जिला अध्यक्ष धनीराम चौधरी ने बताया कि आज बहुजन समाज पार्टी की टीम के साथ भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं के द्वारा जानकारी में बताया गया कि शिवपुरी जिले में अनुसूचित जाति/ जनजाति के छात्र, छात्राओं को छात्रावासों में आवास हेतु प्रवेश दिलाने के संबंध में छात्र-छात्राओं ने शासकीय छात्रावासों के अधीक्षकों को प्रवेश हेतु 5 माह पूर्वआवेदन दिए गए थे जिनकी खेल सूची शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के 5 माह होने के बाद भी सूची जारी नहीं की है छात्र छात्राओं ने प्रवेश दिलाने हेतु कई बार आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक श्री परिहार जी को आवेदन दिए जा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है प्रवेश हेतु छात्रावास अधीक्षकों ने छात्र-छात्राओं की सूची जारी कर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक श्री परिहार जी को जमा कर दी गई उसके उपरांत अभी तक छात्र छात्राओं को आवास हेतु प्रवेश नहीं दिए गए हैं छात्र छात्राओं के छमाही पेपर भी हो चुके हैं छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के द्वारा भारी परेशानी का सामना किया जा रहा है क्योंकि अनुसूचित जाति जनजाति के गरीब होने की वजह से छात्र-छात्राएं किराए से रहने में असमर्थ हैं और उनके अध्यापन कार्य करने हेतु छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिले के सभी शासकीय बालक, बालिका उत्कृष्ट छात्रावासों में प्रवेश ना मिलने से उनके साथ भारी पैमाने पर जिला संयोजक के द्वारा परेशान किया जा रहा है मेरी वार्तालाप शासकीय छात्रावास अधीक्षक श्री दिवाकर जी से मोबाइल के माध्यम से बात हुई छात्रों के प्रवेश हेतु सूची जारी क्यों नहीं हो रही हैऔर उनको छात्रावास में प्रवेश क्यों नहीं दिया जा रहा है तब उनके जवाब में बताया गया कि हमारे द्वारा छात्रों की सूची तैयार कर ऑफिस में जिला संयोजक को दे दी गई है।

# शॉर्ट पाली की बेटी का टूटती गृहस्थी को बचाया ब्यावर में टूटती रिश्तो को जोड़ने में सपनों को साकार किया। गजेंद्र सिंह मंडली

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। पाली**

**पाली।** टूटते रिश्तो को जोड़ने में सपनों को साकार करने के लिए समाजसेवी गजेंद्र सिंह मंडली ने अपने सफल प्रयास को साकार करते हुए पाली निवासी बेटी रेखा की टूटती गृहस्थी को बचाया। गजेंद्र सिंह मंडली रेखा के ससुराल ब्यावर में जाकर दिनभर ससुराल वालों से समझाइश करके रेखा व उसके पति विजय को साथ रहने के लिए राजी किया। गजेंद्र सिंह माटी के सफल प्रयास से रेखा और विजय का मुंह मीठा करवाकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया। इससे पूर्व रेखा और विजय के बीच तनाव के चलते मामला पुलिस तक पहुंचा । रेखा और विजय के एक छोटा बच्चा है। पुलिस तक मामला पहुंचने के बाद लड़के को रेखा को सुपुर्द कर दिया गया ।पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान भारतीय संविधान के अनुसार पुलिस ने दहेज का सामान वापस मंगवाने का नोटिस भी लड़के तक पहुंचा दिया था।। लेकिन रेखा और विजय के परिजन और रिश्तेदार गजेंद्र सिंह मंडली से मुलाकात करके मामला शांत करवाने की मशा जाहिर की। जिसमें गजेंद्र सिंह मंडली और दोनों



पक्ष के रिश्तेदारों रिश्तेदारों की सूझबूझ से दहेज का सामान पाली रवाना करने से पहले ही लड़का और लड़की में राजीनामा करवा दिया गया । टूटते जिस तो मैं सपनों को साकार करते हुए रेखा और विजय की नन्ही मुन्नी संतान को मां और बाप दोनों का प्यार मिले। इसलिए गजेंद्र सिंह मंडली ने ब्यावर जाकर समझाने का प्रयास किया और एक ही प्रयास में सफलता हासिल की एक परिवार उजड़ने से बच गया एक गृहस्थी टूटने से बच गई और एक छोटे से बच्चे को मां और बाप दोनों के प्यार का हक दे दिया। इस मौके पर लड़की के पिता कालू राम चाचा भागीरथ मां नेमीचंद व ओमप्रकाश उपस्थित थे और लड़के की तरफ से उसके परिवार वाले व दोस्त उपस्थित थे। बेटी को विदा करते वक्त मां व पिता की आंखें भर आई और बेटी ने पिता के आंसू पहुंचकर हिम्मत प्रदान की बेटी को दामाद के साथ रवाना करते वक्त सुहागन का जोड़ा भेंट किया गया वह दामाद को सूट का कपड़ा देकर रवाना किया। और सभी ने लड़का और लड़की को साथ रहने के लिए रवाना किया। और सभी ने लड़की को साथ रहने के लिए रवाना किया गजेंद्र सिंह मंडली पाली के महिला थाने में काउंसलर हैं ।जहां टूटते परिवार और लड़का लड़कियों के साथ उनके परिवारों को समझाते हैं।

# आंटन गांव में नवक्रमोन्नत राजकीय माध्यमिक विद्यालय का किया उद्घाटन कार्यक्रम में अतिथि महेन्द्रसिंह राजपुरोहित बन्नूर का किया बहुमान

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ**

**पाली** –रोहट उपखण्ड क्षेत्र के आंटन गांव में नवक्रमोन्नत राजकीय माध्यमिक विद्यालय का उदघाटन व गांव में हुए विकास कार्यो का लोकार्पण पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ के मुख्य आतिथ्य एवं रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग, कांग्रेस नेता महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़ ने कहा राज्य सरकार आमजन के हितों के लिए कृत संकल्पित है, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के नेतृत्व में दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन हो रहा है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का दायित्व है कि वे इन योजनाओं के किर्यान्वियन में अपनी भागीदारी निभाये। रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास को चार चांद लगे है, प्रधान स्वंय योजनाओं और कार्यो की मॉनिटरिंग करती है यह हम सभी के लिए खुशी की बात है। हम सभी को मिलकर पाली व रोहट को आगे ले जाना है।

भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग ने कहा कि गांव के विकास में शिक्षा का बहुत महत्व है, हम सभी को इस पर



विशेष ध्यान देना चाहिए।गांव में लंबे समय से स्कूल को क्रमोन्नत करने की मांग थी जो अब जाकर पूरी हुई है इसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत , पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, कांग्रेस नेता महावीरसिंह सुकरलाई व रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित का आभार जताते है। उन्होंने अपनी और से विद्यालय में एक कक्षा कक्ष का निर्माण करवाने की घोषणा की। कांग्रेस नेता महावीरसिंह राजपुरोहित सुकरलाई ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के नेतृत्व में राजस्थान चंहुमुखी विकास की और अग्रसर है, आने वाले समय मे रोहट में भी विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। लंबे समय से आंटन गांव की स्कूल क्रमोन्नत की मांग थी जिसे हमने राज्य सरकार तक पहुंचाया, इस मांग को पूरी करने पर माननीय मुख्यमंत्री गहलोत साहब का आभार व्यक्त करते है। क्षेत्र की जनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयासरत्त है, पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय मे प्रदूषण और पेयजल की समस्या का भी समाधान होगा। रोहट प्रधान सुनीता कंवर राजपुरोहित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और रोहट की जनता ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास कर रही हूं। प्रधान कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति की समस्या को सुना जा रहा है और उसके निराकरण का भी हर सम्भव प्रयास कर रहे है।पिछले एक वर्ष में पंचायत समिति मद से क्षेत्र में दर्जनों गांवों में लगभग 5 करोड़ रुपये के 100 कार्य स्वीकृत किये गए है, जो गांव शेष रहे है आगे उनके यंहा कार्य प्राथमिकता से स्वीकृत किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि काम के मामले में भेदभाव नही होगा, सभी जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर रोहट के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे। इस दौरान उप प्रधान कानाराम पटेल, पूर्व जिला परिषद सदस्य जोगाराम सोलंकी, जिला आयोजना समिति सदस्य प्रकाश सांखला, समाजसेवी बन्नुर महेंद्रसिंह राजपुरोहित, शिक्षा समिति अध्यक्ष गणपत चौधरी, स्थानीय सरपंच श्रीमती ढलकी देवी, पंचायत समिति सदस्य डूंगाराम सीरवी, पुनाराम देवासी, कांग्रेस नेता हेमाराम पटेल, श्याम खीचड़, पार्षद अमीन अली रंगरेज, सरपंच अमराराम बेनीवाल, दिलदार खान, अशोक मेघवाल, विकास अधिकारी गौरव विश्नोई, तहसीलदार प्रवीण चौधरी, शिक्षा विभाग के सयुंक्त निदेशक श्याम सुंदर सोलंकी, एडीपीसी प्रकाश सिंगाड़िया, रोहट थानाधिकारी भगाराम मीणा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी तुलसीराम, सीबीईओ किशनसिंह राजपुरोहित, पीईओ पुनाराम चौधरी, प्रधानाध्यापक बाबूलाल विश्नोई, भंवरसिंह रामपुरा, भागीरथ चौधरी, धनराज लोहार, चंदू मेघवाल, कालू विश्नोई, हीरालाल मेघवाल, जबरसिंह मोड़ी सहित स्थानीय उप सरपंच, वार्डपंच, विद्यालय स्टाफ, सैंकड़ो ग्रामवासी एवम विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## नेहरू युवा केन्द्र की भाषण प्रतियोगिता में रानू शर्मा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

***मेहगांव*** मेहगांव नेहरू युवा केन्द्र द्वारा शहर के जैन कॉलेज परिसर में देशभक्ति राष्ट्र निर्माण विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने भाषड़ देते हुए अपने विचार प्रगट किये इस अवसर पर मुख्यरूप से उद्यमिता विकाश केंद्र के जिला समन्यवक डॉ अश्वनी पुरोहित मौजूद रहे प्रतियोगिता के अंत मे जिला समन्वयक डॉ पुरोहित ने कहा कि हम नोकरी करके किसी अन्य व्यक्ति को व पीढ़ी को नोकरी नही दे सकते और यदि हम उद्योग स्थापित करे तो यह व्यवसाय हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता हैं यानि हम लोगो को ऐसा काम करना चाहिये जिससे हम लोगो को रोजगार प्रदान कर सके देश को विकाश के पथ पर आगे ये युवा पीढ़ी लेकर जा सकती हैं प्राचार्य अनिता जैन ने कहा आज की युवा पीढ़ी अपने आप मे शक्तिशाली बनने का प्रयास करे तो अपने पैरों पर खुद खड़ी हो सकती हैं भाषड़ प्रतियोगिया में मेहगांव व्लोक की रानू शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल करके ये सावित कर दिया है कि छात्र हो या छात्राएं आगे बढ़ने के लिए अपने हौसले बुंलद रखने चाहये रानू शर्मा जैसे बच्चों से आज की युवा पीढ़ी को सीखने की जरूरत है दूसरे स्थान पर गोहद व्लोक से भुसेबक शर्मा रहे जबकि तीसरा स्थान अटेर व्लोक से मोनिका वर्मा ने हासिल किया इस अवसर पर राजनारायण राजौरिया प्रो,डॉ राजेश भदौरिया डॉ अतुल श्रीवास्तव आसुतोष शर्मा उर्फ नन्दू आदि मौजूद रहे।

# जल का संरक्षण जीवन का भी संरक्षण है : केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया





## केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने किया तीन दिवसीय राष्ट्रीय जल सम्मेलन का उदघाटन

ग्वालियर। जल का संरक्षण केवल जल का ही नहीं, जीवन का भी संरक्षण है। पानी की कमी चिंताजनक स्थिति में है। इसलिए सभी लोग जल संरक्षण का संकल्प लें। पानी बचाना केवल सरकार और किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, यह सभी की सामूहिक जवाबदेही है। इस आशय के विचार केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार से ग्वालियर में शुरू हुए तीन दिवसीय राष्ट्रीय जल सम्मेलन के उदघाटन सत्र में व्यक्त किए। उन्होंने आह्वान किया कि जिस प्रकार हम सभी बचत कर बैंक का ऋण चुकाते हैं उसी तरह आने वाली पीढ़ी के लिये पानी सहेजने का काम करें।

पानी की विरासत बचाने पर केन्द्रित तीन दिवसीय राष्ट्रीय जल सम्मेलन यहाँ भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में आयोजित हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस सम्मेलन का उदघाटन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट तथा देश भर में जल पुरूष के नाम से विख्यात श्री राजेन्द्र सिंह मंचासीन थे। जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे देश के लगभग डेढ़ दर्जन प्रांतों के जल योद्धा इस आयोजन में भाग लेने आए हैं।

केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने उदघाटन सत्र में ऋग्वेद की एक ऋचा का उदाहरण देते हुए कहा कि जल ही जीवनदायी शक्ति है व ऊर्जा का स्त्रोत है। इसलिये जल का संरक्षण नहीं तो जीवन का भी संरक्षण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा खुशी की बात है अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसलिये हमें समझना चाहिए, यदि जल ही नहीं रहेगा तो हम अधिकार से भी वंचित रहेंगे। श्री सिंधिया ने ग्वालियर रियासतकाल में जल संरक्षण व संवर्धन के लिये किए गए कामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्वालियर जिले में स्थित हरसी बांध आज भी एशिया का मिट्टी का सबसे बड़ा बांध है।

इस अवसर पर श्री सिंधिया ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जल के संरक्षण व संवर्धन को लेकर विशेष चिंतित रहते हैं। इसीलिए उन्होंने जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया है। जिसके तहत हर घर में नल से पानी उपलब्ध कराने के साथ-साथ पानी को सहेजने के उपाय भी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है। लगभग 45 हजार करोड़ रूपए के प्रोजेक्ट से खासकर बुन्देलखंड और उसके समीपवर्ती क्षेत्र में सिंचाई व पेयजल की समस्या के स्थायी निदान के साथ-साथ विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि वर्तमान में हम मात्र 8 प्रतिशत वर्षा जल का संग्रहण कर पाते हैं। हर साल प्रकृति एक हजार वर्ग फुट क्षेत्र में औसतन 75 हजार लीटर जल देती है, जो संरक्षण के अभाव में बह जाता है। हमें इस पानी को बचाने के लिये गंभीरता से प्रयास करने होंगे अन्यथा आने वाले दिन अत्यंत कठिन होंगे।

जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि पानी मानव जीवन के विकास की बुनियाद है। इसीलिए हर गाँव में तालाब हमारी संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश सरकार जल के संरक्षण व संवर्धन के लिये कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा जल योद्धाओं और सम्पूर्ण समाज की भागीदारी से हम पानी को सहेजेंगे। श्री सिलावट ने कहा कि इस पुनीत कार्य में जुटे लोगों को प्रदेश सरकार से हर संभव सहायता मिलेगी।

जल पुरूष के नाम से विख्यात श्री राजेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारत एक पानीदार देश है। अगर हम बेहतर ढंग से पानी का प्रबंधन कर लें तो भारत में कभी पानी का संकट नहीं आएगा। इसके लिये सभी को जागरूक होने की जरूरत है। श्री सिंह ने ÷वाटर लिटरेसी मूवमेंट÷ चलाने की जरूरत पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा यदि हम अभी से सचेत होकर पानी बचाने के लिये आगे नहीं आए तो अफ्रीकन देशों की तरह भारत को भी भीषण जल संकट का सामना करना प?गा। श्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हमें नदियों को नाला बनने से रोकना होगा। अर्थात नदियों को प्रदूषण से बचाना होगा। उन्होंने ग्वालियर क्षेत्र में जल संरक्षण की समृद्ध विरासत की सराहना की। साथ ही कहा खुशी की बात है कि यहां पर आज भी यह विरासत जीवंत है। इसके लिये उन्होंने गोपाचल पर्वत के समीप स्थित जल संरक्षण संरचना का उदाहरण दिया। कार्यक्रम में तमिलनाडु से जल यात्रा लेकर आए श्री गुरूस्वामी जी, आंधप्रदेश से पधारे जल योद्धा श्री सत्यनारायण पुलसेठी तथा मानपुर झांसी से आई जल सहेली गीता बहन ने भी पानी बचाने से संबंधित अपने-अपने अनुभव सुनाए। कार्यक्रम में भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के निदेशक श्री आलोक शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर डॉ. संजय सिंह व श्री मनीष राजपूत सहित राष्ट्रीय जल सम्मेलन में भाग लेने आए अन्य जल योद्धा मौजूद थे।

# निर्वाचन प्रक्रिया में कोरोना गाइड लाइन का सख्ती से करें पालन

### पंचायत आम निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने दिये निर्देश

ग्वालियर। पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया में कोरोना गाइड लाइन का पालन सख्ती से करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं की जाए। इस बात का ध्यान रखें की चुनाव के कारण कोरोना के प्रकरण नहीं ब?ें। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश पंचायत आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा के दौरान दिये। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारियों को कोई भी समस्या हो, तो मुझसे सीधे बात कर सकते हैं। किसी भी कार्य के संबंध में अनुमति की आवश्यकता हो, तो जल्द प्रस्ताव भेजें। उन्होंने कहा कि 3 साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्थानांतरित करें। श्री सिंह ने कहा कि अभ्यर्थियों से प्राप्त होने वाली निक्षेप राशि का लेखा-जोखा स्पष्ट रखें। आदर्श आचरण सहिंता का पालन सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों का भ्रमण कार्यपालिक दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से करें। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। सरपंच और पंच पद के लिये मतगणना मतदान केन्द्र पर ही होनी है, अत− वहाँ सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री बी.एस. जामोद ने कहा कि प्रथम एवं द्वितीय चरण के लिये निर्वाचन की सूचना 13 दिसम्बर को और तृतीय चरण की 30 दिसम्बर को जारी की जाएगी।




# भक्तामर में भगवान आदिनाथ की दीपो से आरधान की गई

ग्वालियर- भक्तामर महापाठ का आयोजन मुरार स्थित जैन मंदिर दीनानाथ की बगीची में नत्थीलाल शुभम जैन परिवार द्वारा शुक्रवार को भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के समक्ष संगीतमय भक्तामर महिमा पाठ भव्य आयोजन किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन आदर्श कलम ने बताया कि आचार्य मानतुंग का लिखा भक्तामर स्तोत्र पाठ का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। भक्तामर पाठ का आकर्षक माढना सजाया गया। संगीत पार्टी के संगीतकार शुभम जैन सैमी ने भक्तिमय स्वंरो के साथ साथ समाज लोगो ने सामूहिक रूप् से भक्तामर माढने पर भक्तामर के 48 महाकाव्यों दोहे के साथ 48 दीपको के साथ ऋद्धि सिद्धी मंत्रो उच्चारणो के साथ प्रज्वलित कर समर्पित किए गये। समापन के उपरांत समाज के लोगो ने भजनों की भक्ति नृत्य करते हुए भगवान आदिनाथ की भव्य दीपकों से आरती उतारी। इस मौके पर नत्थीलाल हरीशचंद जैन, विजय जैन, मनोज जैन, कुशल जैन, अशोक जैन, महावीर जैन, मनोज जैन, प्रवक्ता सचिन जैन, पारस जैन एवं मधुलता जैन, अनिता जैन, पुष्पा जैन, बबिता जैन, सुरभि जैन, चंद्रकांत जैन, प्रिया जैन आदि मौजूद थी। शुभम जैन सैमी ने महत्व बताया कि राजा भोज ने मानतुंगाचार्य को जेल में अड़तालीस तालों की एक श्रृंखला में उन्हें बंद कर दिया। मानतुंगाचार्य ने उस समय तीर्थंकर भगवान आदिनाथ प्रभु की स्तुति प्रारंभ की। स्तुति में लीन हो गए।



# प्रभारी मंत्री ने किया एमआईटीएस का निरीक्षण



ग्वालियर। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने एमआईटीएस में आयोजित होने वाले ड्रोन मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, अपर आयुक्त श्री यतेंद्र सिंह गुर्जर, एम आई टी एस के डायरेक्टर श्री आर के पंडित सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री श्री चौहान 11 दिसम्बर को ग्वालियर आयेंगे

ग्वालियर। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 11 दिसम्बर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री चौहान इस दिन दोपहर लगभग 2 बजे राजकीय विमान से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। ग्वालियर आगमन के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान एमआईटीएस परिसर में पहुँचकर ड्रोन मेला में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद सायंकाल 7 बजे विमानतल पहुँचकर वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

### अब 12 दिसम्बर तक शस्त्र जमा किए जा सकेंगे

**जमा न करने पर धारा-188 व आयुध अधिनियम के तहत होगी सख्त कार्रवाई**

ग्वालियर। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने और लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के चारों जनपद पंचायत क्षेत्र मुरार, भितरवार, घाटीगाँव एवं डबरा क्षेत्र के सभी शस्त्र लायसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस आशय का आदेश जारी किया है। शस्त्र लायसेंसधारियो को अब 12 दिसम्बर 2021 तक संबंधित पुलिस थाने में अपने शस्त्र हर हाल में जमा करने होंगे। पंचायत निर्वाचन के लिये लागू आचार संहिता के दौरान अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने व प्रदर्शन पर पूर्णत− प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने आदेश में स्पष्ट किया है कि समयावधि के भीतर शस्त्र जमा न करने वाले शस्त्र लायसेंसधारियों के खिलाफ भारतीय दण्ड विधान की धारा-188 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जायेगी। अपर जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय अभिभाषक, सुरक्षा व चुनाव व्यवस्था आदि में कर्तव्य पालन के लिये तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों व उम्मीदवारों की सुरक्षा में लगाए गए पुलिस कर्मियों सहित अन्य शासकीय बलों, बैंक गार्डों आदि पर लागू नहीं होगा।

### वीर दिवंगत बिपिन रावत को पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि



ग्वालियर । तमिलनाडु के कन्नूर में हुई हेलीकाप्टर दुर्घटना में शहीद हुए भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत को आज 10 दिसम्वर शुक्रवार को दोपहर 3 बजे फूलबाग स्थित ग्वालियर प्रेस क्लब भवन में आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में 2 मिनिट का मौन रखकर सभी दिवंगत जवानों की आत्मा शांति की प्रार्थना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। ग्वालियर प्रेस क्लब एवं मध्यप्रदेश पत्रकार संघ के सयुंक्त तत्वाधान मे आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक व फोटो जर्नलिस्ट ने श्रृध्दांजलि सभा में शामिल होकर स्व. विपिन रावत के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की ।

### दिव्य काशी-भव्य काशी कार्यक्रम को लेकर प्रभारी, सहप्रभारी एवं कार्यक्रम प्रभारी, सहप्रभारी घोषित

ग्वाल्यिर। मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 दिसंबर को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में विकास कार्यों का लेकार्पण एवं उद्घाटन करने जा रहे हैं जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। दिव्य काशी भव्य काशी कार्यक्रम को शिव मंदिर, मठ आश्रम, धार्मिक स्थानों पर प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मंडल के कम से कम एक मंदिर में दिखाया जाएगा। इसी तारतम्य में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कार्यक्रम के निमित जिला प्रभारी, जिला सहप्रभारी, मंडल में कार्यक्रम प्रभारी मंडल सहप्रभारी मनोनीत किए हैं जो निम्नानुसार है- जिला प्रभारी, श्री अशोक जादौन, जिला सहप्रभारीगण मुरारीलाल मित्तल, जगत सिंह कौरव शामिल है। कोटेश्वर मंडल में कार्यक्रम प्रभारी राजू यादव, सहप्रभारी पप्पू यादव, लक्ष्मीबाई मंडल में कार्यक्रम प्रभारी पंकज अभिवंशी, सहप्रभारी संदीप शर्मा, दुर्गादास मंडल में कार्यक्रम प्रभारी अरूण राजूपत, सहप्रभारी रामसेवक तोमर, हेमूकालानी मंडल भालचंद्र प्रभारी विश्वकर्मा, सह प्रभारी विनोद बसंल, विवेकानंद मंडल में प्रभारी गोपाल गांगिल, सहप्रभारी नारायण प्रजापति, दीनदयाल मंडल में प्रभारी महिपत सिंह गुर्जर, रामकृश्ण मंडल प्रभारी मोनू कंसाना, सहप्रभारी आशीश श्रीवास, भगत सिंह मंडल में प्रभारी रवि शर्मा, सहप्रभारी शुभम भारद्वाज, सावरकर मंडल में प्रभारी दिनेश कौशिक, सहप्रभारी अभिशेक भार्गव शामिल है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478